हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जून 2026



### प्रशासन ने जारी किए आदेश, जांच के बाद होगी कार्रवाई

## गलत मेडिकल रिपोर्ट और थाने में प्रताड़ना की जांच करेगी दो समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र में एक नाबालिग से जुड़े विवादित प्रकरण में अब जिला प्रशासन एक्शन लेने की तैयारी में है। कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने इस मामले की जांच के लिए दो अलग-अलग जांच दल गठित कर दिए हैं। समितियों द्वारा पुलिस कर्मियों द्वारा नाबालिग के साथ की गई मारपीट और प्रताड़ना के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी द्वारा गलत मेडिकल रिपोर्ट जारी किए जाने की सूक्ष्मता के साथ जांच की जाएगी।

हरिभूमि लगातार

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव के सोमनी क्षेत्र से पुलिस और स्वास्थ्य व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक बेहद गंभीर लापरवाही सामने आई है। एक चौदह वर्षीय नाबालिग बच्ची अपने स्वास्थ्यगत समस्या से परेशान थी। इसी परेशानी के चलते परिजनों ने सोमनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची के खून की जांच कराई थी। जांच के दौरान वहां के डॉक्टरों ने बच्ची का यूरिन टेस्ट भी किया और उसे दो महीने की गर्भवती बता दिया। इस रिपोर्ट के बाद जब परिजनों ने महज चौबीस घंटे के भीतर जिला अस्पताल में दोबारा जांच कराई तो वहां रिपोर्ट निगेटिव आई। इस बीच सोमनी पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ अपराधी मानकर ऐसा कृत्य किया गया। जिससे पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं। रातभर थाने में नाबालिग की पिटाई भी की गई। इस मामले में राज्य सरकार ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है।प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते दो जांच समितियां गठित की है। जिसमें थाना सोमनी परिसर में नाबालिग पीड़िता के साथ हुई घटनाओं की वास्तविक स्थिति, वहां मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका, कानूनी प्रक्रियाओं के पालन तथा उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों की जांच के लिए समिति बनाई गई है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी में नाबालिग की जांच के दौरान उसे कथित रूप से गर्भवती पॉजिटिव बताए जाने तथा अगले दिन जिला चिकित्सालय में दोबारा जांच में रिपोर्ट निगेटिव आने संबंधी शिकायत की भी जांच कराई जाएगी।

ज्ञात हो इस मामले में पहले ही सोमनी थानेदार एवं प्रधान आरक्षक महिला को सस्पेंड किया जा चुका है। वहीं महिला डॉक्टर को भी सोमनी स्वास्थ्य केंद्र से हटा दिया है।



### आयोग ने भी लिया संज्ञान

सोमनी में हुए इस मामले की गूंज राजधानी तक पहुंच गयी है। बाल संरक्षण आयोग ने मामले को संज्ञान में ले लिया है। आयोग की अध्यक्ष के एक दो दिनों के भीतर परिजनों के घर पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके बाद पुलिस से इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली जाएगी। इधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी इस मामले में राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

### एफआईआर दर्ज करने की उठी मांग

नाबालिग की गलत मेडिकल रिपोर्ट जारी किए जाने और थाने में की गई मारपीट और प्रताड़ना के मामले में परिजनों द्वारा दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की गई है। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार का कहना है कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कार्रवाई के लिए अल्टीमेटम भी दे दिया है। अब इस मामले में एक्शन का इंतजार किया जा रहा है।

### सीएमएचओ करेंगे रिपोर्ट की जांच

प्रशासन ने सोमनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा नाबालिग के स्वास्थ्य परीक्षण में बरती गई लापरवाही की जांच के लिए भी एक पृथक से समिति का गठन किया है। जिसमें सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन, डीपीएम संदी ताम्रकार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तरूण कोठारी, पैथोलाजिस्ट डॉ. अनुजा भार्गव तिवारी को शामिल किया गया है।

### होगी कार्रवाई

पूरे मामले की जांच के लिए दो अलग-अलग समितियां गठित कर दी गई है। इस प्रकरण में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- जितेन्द्र यादव,** कलेक्टर

### थाने में मारपीट की जांच करेंगे एडीएम

प्रशासन ने सोमनी थाने में पुलिस कर्मियों द्वारा नाबालिग के साथ की गई मारपीट और दुर्व्यवहार की जांच के लिए एडीएम सीएल मार्कण्डेय की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है। जिसमें संयुक्त कलेक्टर शीतल बसंत, एसडीएम गौतमचंद पाटिल और सीएसपी अलेक्जेंडर किरो को शामिल किया गया है। प्रशासन ने तत्काल जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## घुमका नपं में ईवीएम, त्रि-स्तरीय पंचायत में मतपत्र से होगी वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित 15 पार्षद पद के लिए आज मतदान होना है। नगर पंचायत होने के चलते यहां मतदान की प्रक्रिया ईवीएम से कराई जाएगी। हालांकि हर वार्ड में एक ही ईवीएम मशीन रखी जाएगी। जिसमें ही अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशियों के नाम होंगे। वहीं मचानपार जनपद सदस्य, ककरेल सरपंच सहित सोमनी-मनगटा में होने वाले पंच के चुनाव के लिए मतपत्र का उपयोग किया जाएगा।

दोनों ही चुनाव के लिए मतदान के समय भी अलग-अलग निर्धारित है। बताया गया कि नगर पंचायत में मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जो शाम पांच बजे तक चलेगी। वहीं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के उपचुनाव के लिए मतदान का समय सुबह सात बजे से शुरू होगा, जो दोपहर तीन बजे तक निर्धारित है। दोनों ही चुनाव के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां कर ली है। पुलिस महकमे ने भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जवानों की तैनाती कर दी है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत के लिए मतगणना की प्रक्रिया चार जून को होगी। जबकि त्रि-स्तरीय पंचायत के उपचुनाव के लिए गणना शाम को ही कर ली जाएगी। हालांकि परिणाम की अधिकारिक घोषणा आगामी चार जून को ही की जाएगी।

**भाजपा-कांग्रेस, आप में टक्कर**

घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा, कांग्रेस के साथ ही आम आदमी पार्टी भी चुनावी मैदान में है, जहां भाजपा ने किरण वर्मा पर अपना दांव लगाया है। वहीं कांग्रेस ने फूलमती वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं आप से अलीशा जोशी प्रत्याशी हैं।




### तीन रंग के मतपत्र

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तीन रंग के मतपत्र तैयार किए गए हैं। इसमें मचानपार जनपद सदस्य के लिए नीला, ककरेल सरपंच के लिए पीला एवं मनगटा व सोमनी में पंच पद के लिए सफेद रंग के मतपत्र का उपयोग वोटिंग के लिए किया जाएगा।

### घुमका में तीन हजार मतदाता चुनेंगे सरकार

दो साल पहले गठित घुमका नगर पंचायत में पहली बार नगर पंचायत के चुनाव हो रहे हैं। जिसको देखते हुए मतदाताओं में भी उत्साह देखने को मिलेगा। घुमका में कुल 15 वार्ड एवं अध्यक्ष पद के लिए मतदान होना है। यहां करीबन तीन हजार मतदाता हैं। सर्वाधिक 325 मतदाता वार्ड क्रमांक 13 में हैं। जबकि सबसे कम महज 114 मतदाताओं वाला वार्ड क्रमांक तीन है।

## 20 पंच निर्विरोध, दो में आज मतदान तीन के लिए नामांकन ही नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव के साथ ही त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के 27 पदों के लिए भी उपचुनाव हो रहे हैं। इनमें मचानपार जनपद सदस्य, ककरेल सरपंच सहित 25 पंच पद शामिल हैं। इनमें 20 पंच पद के लिए एक ही नामांकन आने के चलते वहां निर्विरोध चयन हो गया है। वहीं महज दो पंच पद के लिए ही एक से अधिक नामांकन आए थे, जहां आज मतदान होगा। जबकि तीन पंच पद के लिए एक भी नामांकन नहीं आया। ऐसे में अब यहां अगले उपचुनाव के दौरान फिर से चुनाव कराया जाएगा। इधर पंच पद को लेकर जिन पंचायतों में मतदान होना है, वहां सुबह सात बजे से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो दोपहर तीन बजे तक चलेगी। बताया गया कि मतपत्रों से होने वाले इस मतदान की मतगणना का कार्य तत्काल बाद शुरू कर दी जाएगी। ऐसे ही जनपद सदस्य एवं सरपंच पद के लिए भी मतदान सुबह 7 से दोपहर तीन बजे तक होगी।

### इन पंचायतों में पंच के चुनाव

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत छुरिया के फफामर, पठानदोदगी, पंगारीखुर्द में पंच पद के लिए कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। ऐसे में यहां आगामी उपचुनाव के दौरान फिर से चुनावी प्रक्रिया की जाएगी। जबकि राजनांदगांव जनपद पंचायत के सोमनी और मनगटा पंचायत में पंच पद के लिए एक से अधिक नामांकन आने के चलते यहां आज मतदान की प्रक्रिया कराई जाएगी।

### इनमें निर्विरोध चयन

छुरिया के अछोली, गोपालपुर, आलीवारा, अरजकुंड में पंच पद निर्विरोध निर्वाचित हो गए। डोंगरगढ़ के बीजापुर, पलान्दुर, बिलहरी, मढ़ीतराई, खल्लारी और चिद्दो और राजनांदगांव में बसुला, अउरदा, अमलीडीह, चंवरढाल में निर्विरोध चुन लिए गए। डोंगरगांव जनपद में पारना, कोहका, ढाबा, कु. भटगांव, कोकपुर और हरदी पंचायत में निर्विरोध पंच चुन लिए गए हैं।

### स्कूल का ताला तोड़कर कम्प्यूटर की चोरी

**मोहला।** स्कूल का ताला तोड़कर चोरों ने कम्प्यूटर सेट सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भर्रीटोला के शासकीय उ.मा. शाला के कार्यालय का ताला तोड़कर गत दिवस अज्ञात चोर भीतर प्रवेश किए और कार्यालय का कम्प्यूटर सिस्टम, वाई-फाई कनेक्शन, बाल्टी 10 नग, डस्टर 20 नग, फिनाईल 3 डिब्बा, पानी छन्नी 10, पेन ड्राईव, हेल्थ केयर से संबंधित सामग्री, प्रोजेक्टर, यूपीएस बैटरी, सिलिंग फैन, एलईडी लाईट, स्वीच बोर्ड सहित अन्य सामग्रियों की चोरी कर ली।

### माय एंगल




## जंगल में सजी थी जुए की फड़, रात में पुलिस ने दी दबिश, 8 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

रात के समय जंगल में एकत्र होकर कुछ लोग ताशपत्ती से हार-जीत का दांव लगा कर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देख जुआ खेल रहे लोगों में हड़कंप मच गया था। मौके पर आठ आरोपी पकड़े गए। जिनसे नगदी 1,13,220 रुपए, 8 मोबाइल व 3 बाइक बरामद कर कार्रवाई की गई है। मौके से कुछ जुआरी फरार हो गए। जिनकी तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात ग्राम भड़सेना के जंगल में अलग-अलग जिला क्षेत्र के लोग एकत्र होकर एलईडी बल्ब की रौशनी से ताशपत्ती से रुपए-पैसे का हार-जीत का खेल जुआ खेलने में मशगूल थे।

जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने रात लगभग 10-11 बजे भड़सेना के जंगल में मौके पर दबिश दी। बताया गया कि पुलिस की दबिश से यहां जुआ खेल रहे लोगों में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मौके पर आठ आरोपियों को पकड़ा।



### घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

पुलिस के अनुसार टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी तालिब खान 29 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैंड डोंगरगढ़, दशेश्वर प्रसाद कोड़ापे 26 वर्ष निवासी मोंगरा अंबागढ़ चौकी, गोपालराम धनकर 42 वर्ष निवासी केरेठ डोंगरगढ़, सतीश कुमार दीखीत 32 वर्ष निवासी अरजपुरी मंचुआ बालोद, दिनेश उइके 30 वर्ष निवासी बिहिरीखुर्द अंबागढ़ चौकी, भूपेन्द्र गंजीर 27 वर्ष निवासी काकोडी थाना चिचगढ़ गोंदिया महाराष्ट्र, संतराम उइके 27 वर्ष निवासी घोटिया डोंगरगढ़, धनराज जैन 49 वर्ष निवासी साल्हे भानुप्रतापपुर कांकेर को पकड़कर आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। मौके से अन्य आरोपी फरार हो गए। जिनकी तलाश जारी है।

### नगदी, बाइक, मोबाइल व अन्य सामान बरामद

आरोपियों के कब्जे से नगदी 1,13,220 रुपए, विभिन्न कंपनियों के 8 नाग मोबाइल फोन कीमती 84,000 रुपए, 52 पत्ती ताश, बैटरी, एलईडी बल्ब, बिजली तार तथा 3 नग मोटर साइकिल कीमती 1,50,000 जब्त की गई। जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 3,47,220 रुपए है।

### फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खिले, थाने में वितरण

## 3 लाख के 18 गुम मोबाइल वापस लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों के गुम हुए लगभग तीन लाख रुपए के 18 मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोजकर बसंतपुर पुलिस ने उनके स्वामियों को सौंपकर 18 परिवार की खुशियां लौटाई। अपने मोबाइल पाकर लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में गुम मोबाइलों की पतासाजी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बसंतपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अपने गुम मोबाइल पुनः प्राप्त कर आवेदकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई आवेदकों ने बताया कि मोबाइल में उनके परिवार की अमूल्य यादें, महत्वपूर्ण दस्तावेज, आवश्यक संपर्क नंबर एवं व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित थी। जिसके वापस मिलने की उन्हें लगभग कोई उम्मीद नहीं थी। आवेदकों ने थाना बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई की प्रशंसा करते पुलिस विभाग के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।




### पुलिस की अपील

यदि किसी व्यक्ति को कोई गुम मोबाइल फोन प्राप्त होता है तो उसका उपयोग न करें तथा उसे निकटतम पुलिस थाना में जमा कराएं। इससे मोबाइल उसके वास्तविक स्वामी तक पहुंचाने में पुलिस को सहायता मिलेगी।

### बरामद मोबाइल का वितरण

थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल की सहायता से विभिन्न कंपनियों के कुल 18 नग गुम मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 03 लाख रुपए है, सफलतापूर्वक बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों को 31 मई को थाना परिसर बसंतपुर में निरीक्षक एमन साहू एवं थाना स्टाफ की उपस्थिति में बरामद सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किए गए।



## खबर संक्षेप

### प्रांतीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रांतीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग एवं आचार्य दक्षता वर्ग शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में 20 जिलों से 104 शिक्षार्थी शामिल हुए, वहीं दक्षता वर्ग में 21 जिलों के 75 शिक्षार्थियों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों को शिक्षा, संस्कार, संगठन और सामाजिक दायित्वों से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उक्त मौके पर श्री यादव ने शिक्षा के महत्व, संस्कारयुक्त शिक्षा व्यवस्था और समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। मीडिया से चर्चा के दौरान शिक्षा मंत्री ने लंबे समय से लंबित शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने दीवान झिटिया के भाजपा कार्यकर्ताओं के सामूहिक इस्तीफे और पलान्दूर में चाकूबाजी की घटना पर जांच कराने की बात कही। घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर भी उन्होंने भाजपा की जीत का दावा करते हुए कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने का प्रयास किया।

### सेवानिवृत्त व्याख्याताओं को विदाई

**साल्हेवारा।** सेजेस के व्याख्याता बहादुर सिंह खुशरो एवं गिरधारीलाल



वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में दोनों शिक्षकों को उनके समर्पण को याद करते हुए विदाई दी गई। शुभारंभ के बाद सेवानिवृत्त व्याख्याताओं को अभिनंदन पत्र, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संकुल केंद्र साल्हेवारा, नचनिया, सरईपतेरा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर गगन अग्रवाल, दशरथ पटेल, मन्नु मरकाम, पवार मेरावी, मोहित रजक, प्राचार्य विनीत दास, शत्रुघनलाल साहू, दशरथ पटेल, जगदीशराम, नरेन्द्र पटले, महेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के साथ नेताओं ने सुनी मन की बात

**गंडई पंडरिया।** गंडई मंडल अंतर्गत आने वाले ग्राम खौड़ा के बूथ क्रमांक



51 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसिद्ध मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने अपने विचार साझा किए। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनना सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक प्रयासों, नवाचारों और प्रेरक कहानियों की जानकारियां मिलती हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, विक्की कुर्रे, भानुप्रताप साहू, राकेश टंडन, रतन खांडेकर, सुखदेव पटेल, जने पटेल, हरी पटेल सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### देर रात तक गुल रही बिजली



**डोंगरगढ़।** शनिवार शाम को तेज आंधी के चलते शहर के दुकानदारों सहित लोगों को अपने घर की खिडकी दरवाजा बंद करने मजबूर कर दिया। वही कई पेड़ उखड कर जमीन पर आ गए। शाम 7 बजे से बारिश होने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली किन्तु किंतु 6 बजे से रात 10 बजे तक बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशान होना पड़ा। लगातार शिकायत के बाद विभाग मरम्मत कर रात 10 बजे बिजली बहाल करने में कामयाब रहा।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने दी नेहरू को श्रद्धांजलि

**छुईखदान।** प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर



जिला कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल, लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, विजय वर्मा, संदीप सिरमौर एवं रोहित पुलस्त्य ने पंडित नेहरू के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उन्हे याद करता है। श्रद्धांजलि सभा में कोमल साहू, मोतीलाल जंघेल, लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, रामकुमार पटेल, संदीप सिरमौर, रोहित पुलस्त्य, शत्रुघ्न चंदेल, आलोक यादव, कमलेश यादव, टीकम साहू, कोसन कोसरे, सज्जाक खान, संजय महोबिया, विजय वर्मा, खेमदास साहू, शैलेश नेगी, अशोक साहू, रिंकू गुप्ता, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह गोल्डी, देवेंद्र तोड़े, तेजराम वर्मा, चंद्रेश यदु, हितेश साहू, रामानंद साहू, तोपसिंह सहित अन्य शामिल हुए।

## किसानों ने मोहारा पुलिस चौकी में सौंपा ज्ञापन

# धान घोटाला के आरोपी को बचाने का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मोहारा सेवा सहकारी समिति में लगभग 54 लाख के कथित धान घोटाले को लेकर किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है। तत्कालीन प्रबंधक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने से किसानों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

किसानों ने बताया कि गत 14 मई को मामला दर्ज होने के बाद भी कार्रवाई की गति बेहद धीमी है। किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि प्रभावशाली लोगों का संरक्षण मिलने के कारण आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने में नरमी बरती जा रही है। सुस्त कार्रवाई को देखते हुए शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसानों ने पुलिस चौकी मोहारा पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि 31 मई तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर कल एक जून से मोहारा मुख्य चौक पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान नेता दयालु वर्मा, मोरध्वज वर्मा, समारू, समलाल, उधो वर्मा, बिसौहा सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग किया है।



### किसानों ने दिया अल्टीमेटम

बधियाटोला, छिरपानी, रामनगर के किसानों ने मुड़पार सोसायटी में खाता यथावत रखने की मांग को लेकर रंगकठेरा में आयोजित समाधान शिविर में सहकरिता मंत्री केदार कश्यप व कलेक्टर के नाम से आवेदन। आवेदन में 15 दिवस के अंदर समस्या का निराकरण नहीं होने पर तुमडीबोड़ में चक्काजाम आंदोलन करने की बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि इस विषय को लेकर किसान बधियाटोला के मुरमुंदा मार्ग पर दो बार चक्काजाम कर चुके है। वही कई बार मांगपत्र सौंपा गया है, परन्तु अब तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। किसानों को मामले को सुलझाने के लिए थाना बुलाया गया था परन्तु समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। इस दौरान दशरथ ठाकुर, सोमेश्वर सिन्हा, प्रमोद लाऊत्रे, अमरचंद निषाद, अर्जुन बांधे, खेलु पटेल, धर्मेंद्र साहू, मंगल साहू, मनोज सिन्हा, धिराजी निषाद, लीलाधर चंद्रवंशी, जयसिंह चंद्रवंशी, अश्वनी साहू, खोरबहारा सिन्हा, रग्घू सिन्हा, गोपाल सिन्हा, चेतन सिन्हा, शालिक सिन्हा, उभे जोशी, शंकर चंद्रवंशी, प्रकाश सेन, छोटू, गोपाल, राहुल साहू, सुरेश मरकाम, चेतन शोरी, खेमा जोशी, बबला सिन्हा, गुलशन सिन्हा, इंद्रेश चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी, भुवन चंद्रवंशी, घनश्याम सिन्हा, मनोज सिन्हा, मानिक साहू, बीरबल साहू, खेमीन ठाकुर, घनश्याम साहू, सगलू निषाद, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, आदेश साहू, दानिक चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

## गर्मी और बिजली ने उड़ाई लोगों की नींद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिजली उपभोक्ताओं को इन दिनों भारी भरकम बिल अदा करना पड़ रहा है किन्तु उन्हे सुविधा के बजाए आए दिन बिजली कट जैसे समस्या से जूझना पड़ रहा है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। झुलसा देने वाली गर्मी के बीच कोई भी दिन ऐसा नहीं जाताजब एक से अधिक बार बिजली गुल न हो। कभी मेंटनेंस के नाम घंटों बिजली गुल रखा जाता है तो कभी तकनीकी सुधार के लिए सप्लाई बाधित किया रहा है। दिन के अलावा रात को भी बिजली की आंख मिचौली चलते रहती है।

शनिवार की शाम को करीब साढ़े छह बजे बिजली गुल हुई थी जो रात नौ बजे के आसपास आई जरूर किंतु वोल्टेज इतना कम था कि पंखे तक नहीं चल रहे थे। रात 12 बजे तक उमस भरी गर्मी और मच्छरों से हलकान होने के बाद लोगों को राहत मिली। रविवार को सुबह से बिजली का आना जाना शुरू हो गया था। आए दिन समय बे समय बिजली के गुल होने से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इन दिनों गर्मी पूरे सबाब पर है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कूलर, पंखा और एसी का उपयोग कर रहे हैं, किंतु बिजली के नहीं रहने से तमाम उपकरण निरर्थक साबित हो रहे हैं। वहीं बिजली पर निर्भर व्यवसायियों को जमकर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### यह कैसा मेन्टेनेंस

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्बाध बिजली सप्लाई के लिए बीते कई महीनों से मेंटनेंस कराया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को शहर में घंटों बिजली गुल कर मेंटनेंस किया जाता है किंतु व्यवस्था सुधरने के बजाए और बिगड़ते नजर आ रही है जिससे मेंटनेंस पर सवाल उठने लगे हैं।

## दीपक को पंचायत परिषद की महती जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

देश के 24 राज्यो सहित छग में भी अखिल भारतीय पंचायत परिषद छत्तीसगढ के तत्वावधान में राज्य के उन चुनिंदा पंचायत प्रतिनिधियों का समागम हुआ जिनके नेतृत्व में राज्य की ग्राम पंचायते त्रिस्तरीय पंचायतीराज की कल्पना के अनुरूप कुछ उल्लेखनीय कर चुकी है। समागम में राज्य के लगभग समस्त जिलों के सक्रिय पंचायत प्रतिनिधि हजारों की तादाद में उपस्थित हुए।

अभा पंचायत परिषद राष्ट्रीय महासभा के सदस्य घनश्याम प्रसाद यादव, छग प्रभारी संयोजक लीलूराम केवट के नेतृत्व में आयोजित बैठक में प्रदेश भर से आए पंचायत प्रतिनिधियो को त्रिस्तरीय पंचायत की कल्पना, संविधान में प्रावधान, प्रतिनिधियो के दायित्व, भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन करते हुए राज्य के हर पंचायत को इस धारा से जोड़ने, परिषद के पंजीयन और पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण पर प्रकाश डाला गया। आयोजन की शुरूआत राजगीत से हुई। स्वागत करने का दायित्व किरण वैष्णव को दिया गया।



### पंचायतों के काम काज पर गहन चर्चा

कार्यक्रम के द्वितीय चरण मे परिचय, प्रतिनिधियों के कर्तव्य, कार्यशैली और पंचायतीराज के अपेक्षित सराहनीय कार्यो पर प्रकाश डाला गया, जिसके उपरांत उपस्थित पंचायत परिषद के प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपा गया। जिले के दीपक वैष्णव ग्राम पिरचा को जिला महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। ज्ञात हो कि दीपक वैष्णव दशको से पंचायत में प्रतिनिधित्व के साथ ही खैरागढ छुईखदान गंडई शहर व ग्रामीण अंचल में सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक संगठन के कार्यक्रम मे सक्रियता से भाग लेते हुए पंचायती राज की परिकल्पना को मूर्त रुप देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## ग्रामीणों ने सुनी मन की बात

**डोंगरगांव।** मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ग्राम मनेरी में बूथों पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। पीएम मोदी की बातों को श्री गांधी ने प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के विचार युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम में मानसिंग पटेल, विवेक मंडावी, कपिल पटौती, जनकलाल साहु, हेमलाल उईके, मुकेश मंडावी, टहलसिंग पटेल, चन्द्रकुमार गोयल, सरजु राम मंडावी, चुन्नुलाल पटेल, देवानंद रामटेके, भागचंद साहू, भागचंद साहू, विरेंद्र मंडावी तथा बरगांव के ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### मन की बात का श्रवण

**डोंगरगढ़।** बूथ क्रमांक 138 में भाजपा नेता सुरेंद्र बन्नोआना, प्रकाश चौरडिया, चीकू जैन, कैलाश सोनवानी, पार्षद शिवांगी साखरे, पोलेश्वरी यादव, मधु ठाकुर, दुर्गा यादव, पुष्पा यादव, रामेश्वरी यादव, नगीनाबाई, राशि यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, मिस्टी साहु, सृष्टि यादव, ओम यादव आदि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

## यू डाइस कोड का बिना अनुमति के किया उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शिक्षा विभाग और एक निजी स्कूल के मिली भगत से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की गई है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार ढाऱा में संचालित आदर्श पब्लिक स्कूल द्वारा ग्राम में ही संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के युडाईस कोड 22090612802 गलत उपयोग करते हुए केन्द्रीकृत परीक्षा में विद्यार्थियों को शामिल कराया गया जो गलत है। युडाईस कोड उपयोग करने की अनुमति भी नहीं ली गई थी। शिकायत के बाद यह बात सामने आई हैं कि आदर्श पब्लिक स्कूल ने सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन समिति की बिना जानकारी और अनुमति के युडाईस कोड का उपयोग किया है। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय ने आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रशासन से आदर्श विद्या मंदिर पर कार्यवाही की मांग की है।

### अंकसूची पर भी संदेह

आदर्श पब्लिक स्कूल विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को फर्जी अंकसूची जारी किया है। अंकसूची में युडाईस कोड का उपयोग करने के अलावा विद्यालय का पेन नंबर दर्ज है। छात्रों का अपार नंबर भी दर्ज नहीं है। अंकसूची में संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर युक्त सील लगाया गया है। द्वारा संकुल समन्वयक महेंद्र कंवर ने युडाईस कोड के गलत इस्तेमाल करने के संबंध में इसे टाइपिंग मिस्टेक बताते हुए पल्ला झाड़ लिया।

## देवदास हुए सेवानिवृत्त गेंदले को मिली कमान

### पुलिस कर्मियों और अन्य ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई थाना में पदस्थ थाना प्रभारी राजेश देवदास सेवाकाल पूर्ण होने पर 30 मई को सेवानिवृत्त हो गए। उत्कृष्ट सेवा कार्यकाल के लिए पहचान रखने वाले श्री देवदास को विदाई देने के लिए विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक वर्गों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। श्री देवदास के सेवानिवृत्त होने पर एसपी ऑफिस में विदाई कार्यक्रम का आयोजन 29 मई को कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में गंडई थाना परिसर में स्टाफ ने विदाई समारोह आयोजित किया। इस दौरान स्टाफ ने उनके साथ बिताए पलों और उनके मार्गदर्शन को याद किया। राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू शत्रुहन चंदेल ने कार्यकर्ताओं के साथ थाना पहुंचकर सम्मानित किया। इसी क्रम में कोटवार संघ तथा प्रेस क्लब गंडई ने आत्मीय सम्मान किया।



### गेंदले होंगे नए थाना प्रभारी

श्री देवदास की सेवानिवृत्ति के बाद गंडई थाने में शिवशंकर गेदले को पदस्थ किया गया है।श्री गेंदले पूर्व में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। उनकी दोबारा नियुक्ति होने से नगरवासियों और क्षेत्र के लोगों में खुशी है।

### गौरवशाली सफरनामा

सेवानिवृत्त निरीक्षक राजेश देवदास का पुलिस सेवा में सफर प्रेरणादायक और उपलब्धियों से भरा रहा है। 14 नवंबर 1983 को आरक्षक के रूप में भर्ती होकर ट्रेनिंग पूरी की। वर्ष 1986 से 1994 तक बालोद और छावनी थाना में आरक्षक व हवलदार के रूप में सेवाएं दीं। इसके बाद एएसआई के रूप में बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, राजनांदगांव, बकरकट्टा, सहसपुर लोहारा, कवर्धा और कुकदूर में पदस्थ रहे। वर्ष 2006 में उपनिरीक्षक बनने के बाद उन्होंने राजनांदगांव, बकरकट्टा, चिचोला, गातापार और बोरतलाब में सेवा दी।थाना प्रभारी के रूप में बस्तर, बैलाडीला, किरंदुल, दंतेवाड़ा और खरोरा में अपनी कर्तव्यनिष्ठा साबित की। वर्ष 2019 में राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया जो उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। वर्ष 2019 से 2026 तक टीआई के रूप में रायपुर, गंडई और खैरागढ़ में पदस्थ रहे।

## गरीब पट्टा से वंचित, बड़े लोग हड़प रहे जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका क्षेत्र के लोगों को सालों से काबिज रहने के बाद भी पटटा नहीं मिलने से आवास योजना से वंचित होना पड़ रहा है वही लोग नजूल और अन्य सरकारी जमीन पर बिना



अनुमति निर्माण कर अतिक्रमण कर रहे है। जानकारी के अनुसार शहर के 24 में से 23 वार्डो में आबादी जमीन नही होना बताया जा रहा है। शहर को नजूल की जमीन पर बसा होना बताया जा रहा है जिसके कारण भी शासन की योजना का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है जबकि प्रभावशाली लोग नजूल, नालों, पहाडों की जमीनों पर अतिक्रमण करते हुए निर्माण कर रहे हैं। वर्तमान में अग्रसेन चौक, बुधवारी नाला, खैरागढ रोड, पाईप फैक्ट्री नाला, कंडरा पारा सहित पहाडियों पर तेजी से कब्जा हो रहा है।

### न पट्टा मिल रहा और न कब्जों पर अंकुश

प्रशासन 15 से 20 साल से काबिज लोगों को पटटा देने की पहल नहीं कर रहा है वही खाली सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने में असमर्थ नजर आ रहा है। अतिक्रमण की शिकायतों को नजर अंदाज कर पालिका के कर्मचारी अतिक्रमणकारियो से उगाही करने में लगे है। खैरागढ रोड पर फैक्टरी के आसपास पुल व नाले को पट कर अतिक्रमण करने की शिकायत पर पालिका ने कार्यवाही करने के बजाय खुली छूट दे रखा है। इसी प्रकार अग्रसेन चौक पर नाले को पटकर नाली का निर्माण करने के साथ अतिक्रमण कर लिया है।

## मानसून पूर्व तैयारी में जुटा सफाई अमला

# बारिश के पहले नाला-नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

मानसून एवं बारिश से नगर में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष के मार्गदर्शन में निकाय के सफाई अमला द्वारा बडा नाला एवं नालियो की सफाई किया जा रहा है।

प्री मानसून के संकेत मिलते ही नगर के नाला एवं नालियो की सफाई कार्य में सफाई अमला जुट गया है। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बीते दिनो सफाई और लोक निर्माण विभाग की बैठक लेकर जल भराव से निपटने के लिए छोटी बडी नालियों की सफाई करने का निर्देश दिया था। बैठक में सफाई दरोगा लोकेश सलामे एवं सफाई विभाग के प्रभारी रामसाय पटेल ने सफाई के दौरान आने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए आवश्यक संसाधन मुहैया कराने की मांग रखा। नगर अध्यक्ष ने संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सीएमओ व उपयंत्री को निर्देश दिया।



### इन नालों की होगी सफाई

बारिश में होने वाली परेशानियों को देखते हुए नगर पंचायत ने शहीद भगत सिंह वार्ड से पटेल पारा, लाल भीष्मदेव शाह चौक से राजीव गांधी चौक नाला, कान्हे से शहीद भगत सिंह कालोनी, साई मंदिर से पोल्ट्री फार्म तक, चौकी मोहला मार्ग, वार्ड 3 यादव हाटल से गटटा तालाब तक, पटेल पारा से बाजार तक, वार्ड 4 में लघु उद्यान से गायत्री मंदिर कालोनी तक, इसके अलावा वार्ड 13, 14 एवं 15 में स्थित प्रमुख छोटी बडी नाला एवं नालियो की सफाई किया जाएगा।

### इन वार्डों में जल भराव की समस्या

बारिश के दिनों में कुछ वार्डो में जल भराव की समस्या आ रही है। शहीद भगत सिंह वार्ड, गायत्री मंदिर कालोनी, नया हास्पिटल आईटीआई मार्ग के अलावा वार्ड 14 एवं 15 में जल भराव की समस्या आते रही है। इसी प्रकार वार्ड 14 व 15 में नाला निर्माण नही होने से जल भराव की समस्या आ रही है। गायत्री मंदिर एवं विकासशील वार्ड 1, 2, 4, 6 में बड़ा नाला निर्माण नही होने से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

# मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी "मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026" राजनांदगांव क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में बिजली बिलों के बोझ से दबे नागरिकों एवं किसानों को राहत देने वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

"मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना" के माध्यम से इन चार जिलों के लगभग 50 हजार 5 सौ से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसमें सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के बीपीएल, घरेलू और कृषक श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में कुल 15 करोड़ 22 हजार रुपए की भारी छूट प्रदान की गई है। समाधान योजना का मुख्य उद्देश्य बीपीएल, निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

### चलाया जा रहा अभियान

सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि योजना का लाभ हर पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचाने संभाग के 66 वितरण केंद्रों एवं 3 जोनों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की टीमें न केवल केंद्रों पर मौजूद हैं, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की पात्रता और छूट की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जागरूक कर रही है। विभाग का लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे में लाना है।




### इस अवसर से न चूकें

श्री सेलट ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि ऐसे बीपीएल, घरेलू एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ता जो 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकाया बिजली बिलों के कारण आर्थिक दबाव महसूस कर रहे हैं, वे इस अवसर को न चूकें। 30 जून 2026 तक उपभोक्ता अपने नजदीकी वितरण केंद्र या जोन कार्यालय में पहुंचकर बकाया राशि का निपटारा कर सकते हैं। बकाया बिजली बिलों का निपटारा कर उपभोक्ता न केवल स्वयं को आर्थिक बोझ से मुक्त कर सकते हैं, बल्कि भविष्य में निर्बाध बिजली सेवा भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

### 31392 उपभोक्ता लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत अब तक 31392 निष्क्रिय उपभोक्ता सफलतापूर्वक लाभान्वित हो चुके हैं। साथ ही योजना के दायरे में आने वाले कुल 19188 पात्र सक्रिय उपभोक्ताओं में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत चारों जिलों के 7 विद्युत संभागों में सर्वाधिक पंडरिया संभाग से 17739, कवर्धा संभाग से 15325, मोहला संभाग से 2784, राजनांदगांव संभाग से 4775, खैरागढ़ संभाग से 3488, डोंगरगढ़ संभाग से 5182 एवं डोंगरगांव संभाग से 1207 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। इन सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में 15 करोड़ 22 हजार रुपए की राशि का छूट प्रदान किया जा चुका है। लाभान्वित उपभोक्ताओं द्वारा सक्रियता दिखाते अब तक लगभग 3 करोड़ 35 लाख 55 हजार रुपए की बकाया राशि विभाग में जमा की जा चुकी है।

# मोदी के कार्यकाल को 12 साल पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 12 साल पूरा होने पर विकसित भारत, बदलता भारत थीम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश प्रवक्ता व जिला प्रभारी नलिनेश ठोकने रहे।

कार्यक्रम अध्यक्ष जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए टीम का गठन कर जिम्मेदारियां तय की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। मुख्य वक्ता नलिनेश ठोकने ने कहा कि 4 जून को प्रधानमंत्री के 12 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर एक पांपलेट जारी किया जाएगा, जिसे प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने इसे सरकार का रिपोर्ट कार्ड बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से जनसम्पर्क अभियान भी चलाया जाएगा। साथ ही प्रदेश स्तर के प्रतिनिधि जिला स्तर पर पहुंचकर प्रेस कांफ्रेंस करेंगे और बुद्धिजीवी सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

### बारह साल बारह थीम पर रहेगा फोकस

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, लाभार्थी सम्मेलन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 12 सालो के कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए 12 अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है, जिसमें आम जनता से संवाद कर योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे इन कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित करें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि तीन प्रमुख प्रकार के कार्यक्रम सम्मेलन, शिविर व कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं जिले के दोनों ब्लॉकों में शिविर आयोजित होंगे, जिनमें स्थानीय नागरिक व लाभार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर की कार्यशालाओं में किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और प्रगतिशील किसानों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, टीके चंदेल, जिला भाजपा महामंत्री व जिला संयोजक शशांक ताम्रकार, दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, गोरेलाल वर्मा, आनंद पटेल, भावेश कोचर, शत्रुघ्न साहू, राकेश ठाकुर, विकेश गुप्ता, कृष्णा वर्मा, विनय देवांगन, देवकुमार सेन, हरप्रसाद वर्मा, धर्मेंद्र जैन, श्यामसुंदर साहू, डोरेलाल साहू, परमानंद साहू, भीखू हिरवानी, हर्षवर्धन वर्मा, मुकेश वर्मा, अरुणा बनाफर, प्रीति यादव, नीलम राजपूत, वंदना तांडेकर, ललित सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने सुना पीएम का संबोधन



**छुरिया।** छुरियाडोंगरी में जनपद अध्यक्ष संजय सिंहा के नेतृत्व में महिला पुरुष और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात। इस अवसर पर राजेश्वर ध्रुवे मौजूद थे। श्री सिन्हा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री लोगों से संवाद करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों को सामने लाना है। इस अवसर पर रूपलाल मंडावी, संतराम कोरम, झगड़ू राम, भूपेन्द्र, लक्ष्मण, रमेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा




**अर्जुनी।** मंडल भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने पदाधिकारियों की घोषणा की है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशानुसार की गई। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू एवं मंडल अध्यक्ष भुवनलाल साहू की अनुशंसा पर नवगठित कार्यकारिणी में देवलाल साहू अध्यक्ष, गोपाल वैष्णव, हमीरचंद साहू, धनेश्वरी गोस्वामी, प्रभुदत्त सोनकर एवं हीरूराम साहू को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। डोमनलाल पटेल एवं मोहनलाल साहू को महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, कार्यालय मंत्री प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी तथा कन्या शक्ति संयोजिकाओं की नियुक्ति की गई है। घोषणा के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर बधाई दी।

### जल्द दूर होगी पानी की समस्या

**डोंगरगढ़।** वार्ड एक स्थित अटल आवास में निवासरत लोगों को इन दिनों पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस आशय की सूचना मिलने पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मौके पर पहुंचकर समस्या की जानकारियां ली। उन्होंने यहां के निवासियों को जल्द पानी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। अटल आवास में दो बोरवेल्स है जिसमें एक बोरवेल्स खराब होने के कारण लोगों को एक बोर से पानी मिल रहा है। पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने जल शाखा प्रभारी नितिन बक्शी को बंद बोरवेल्स को जल्द सुधरवाने के निर्देश दिए हैं। वार्डवासियों ने बताया कि आवास में कई अपात्र लोग रहने लगे हैं जो पाइपलाइन से कनेक्शन जोड़कर 2 से 3 घंटे पानी ले रहे है जिसके कारण अन्य को समस्या हो रही है। इस दौरान डिकेश राव, हरीश मोटघरे, शारदा यादव, रूपेंद्र इंदुरकर, जल शाखा प्रभारी

# महापौर ने 22 परिवारों को बांटे गैस कनेक्शन

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में एलपीजी गैस कनेक्शन का वितरण किया है। यह योजना उन परिवारों के लिए है, जिनके घरों में पूर्व से कोई गैस कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थानीय प्रतिनिधि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव ने चुनावी व्यस्तताओं के मध्य 22 हितग्राहियों को अपने मोतीपुर स्थित निज निवास पर गैस कनेक्शन बांटा।

इस अवसर पर होम प्राइड इंडेन गैस वितरक राजनांदगांव के संचालक नरेंद्र जैन एवं प्रबंधक श्रेयांस जैन ने महापौर, हितग्राहियों एवं अन्य वार्डवासियों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को एक पीएम योजना वाला गैस चूल्हा, रेगुलेटर, पीएम सुरक्षा पाइप तथा दो एलपीजी गैस सिलेंडर पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। गैस कनेक्शन का वितरण उपभोक्ताओं से प्राप्त वचन-पत्र के आधार पर किया जा रहा है। महापौर मधुसूदन ने सभा को संबोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# देश की बात फाउंडेशन का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण

## वसुधैव कुटुंबकम पर अमल के संदेश के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



व्यक्तित्व विकास, देश के साथ समाज सेवा और सकारात्मक राष्ट्रवाद के माध्यम से वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर अमल के संदेश साथ देश की बात फाउंडेशन छग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

29 से 30 मई तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, विचारकों और चिंतकों ने हिस्सा लिया। शिविर के पहले दिन वैचारिक नीव और सामाजिक विमर्श सत्र का शुभारंभ स्वागत और संगीत व ध्यान के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा के संचार साथ हुआ। मुख्य वक्ता एडवोकेट महेंद्र साहू डोंगरगढ़ ने आधार वक्तव्य देते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों और उसकी रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। रात्रि सत्र में महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित फुले फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद उपस्थितो ने फिल्म के सामाजिक संदेशों पर वैचारिक चर्चा की।

शिविर का दूसरे दिन विविध विषयों पर गंभीर चिंतन और बौद्धिक सत्रों से भरपूर रहा। प्रथम सत्र मे सुबह की शुरुआत संगीत और ध्यान से हुई. इसके बाद शिव शंकर सिंह गौर राजनांदगांव ने इतिहास और महापुरुषों के कार्यों पर प्रकाश डाला। गोपाल राय द्वारा सकारात्मक राष्ट्रवाद पर दिए गए वक्तव्य की विशेष वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई। गौतम दास साहू भिलाई ने आधुनिक काल के भारत के वास्तविक संघर्ष और वर्तमान भारत के विरोधाभास से विस्तार से समझाया। दोपहर के मुख्य व्याख्यान में डॉ. सुशीला संतोष नेताम राजनांदगांव ने भारत में महिलाओं की स्थिति विषय पर अपनी बात रखते हुए स्त्री विमर्श परचर्चा की और पितृसतात्मक व्यवस्था के दोष पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में काव्य पाठ और कहानियों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। एडवोकेट एसआर वर्मा खैरागढ़ ने शिक्षा, कौशल और रोजगार की चुनौतियों और अवसरों पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। डॉ. रंजना मंडावी राजनांदगांव ने समाज में बढ़ रहे दर्द, असंवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति निर्ममता को लेकर आगाह किया।

### मैत्री मिलन, प्रमाण पत्र वितरण और विदाई

कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी संभागियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। आभार प्रदर्शन साथ शिविर का समापन हुआ। आयोजन में केन्द्रीय संगठनकर्ता डॉ दीप्ति धुरंधर, राज्य समंवयक विप्लव साहू और राज्य सह समंवयक नीलेश यादव और उनके सभी सहयोगियों की भूमिका रही। फाउंडेशन ने अपने मूल मंत्र सोच बदलेगी - देश बदलेगा को दुहराते हुए एकजुटता, शिक्षा, समानता, सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में मिलकर बेहतर समाज बनाने का संकल्प लिया।

# घुमका से बजेगा परिवर्तन का बिगुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- फूलमती वर्मा पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे

घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में बन रहे मजबूत जनमत ने भाजपा खेमे की चिंता बढ़ा दी है। कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा को मिल रहे अभूतपूर्व जनसमर्थन और कांग्रेस के पक्ष में बन रहे सकारात्मक माहौल से भाजपा नेता बौखलाहट में निराधार आरोपों का सहारा ले रहे हैं। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष विपिन यादव ने कही। जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा पर लगाया जा रहा कथित



एलईडी परियोजना संबंधी आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और तथ्यों से परे है, जिस परियोजना का उल्लेख भाजपा नेता कर रहे हैं, वह अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण द्वारा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वीकृत एक विशेष परियोजना थी। जिसका तत्कालीन ग्राम पंचायत अथवा सरपंच फूलमती वर्मा से कोई संबंध नहीं था। परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी एक निजी एजेंसी को सौंपी गई थी। भाजपा नेताओं को स्वयं इस योजना की प्रकृति, उद्देश्य और क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी नहीं है, फिर भी जनता को भ्रमित करने मंचों से बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। घुमका की जागरूक जनता भाजपा के इस दुष्प्रचार को भली-भांति समझ रही है।

# सुशासन तिहार जनता के लिए सिर्फ दिखावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम तिलई में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। विधायक ने जब विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया तो प्रशासनिक लापरवाही खुलकर सामने आ गई।

जनता की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक प्रशासन पर जमकर बरसीं और पूरे आयोजन को महज दिखावा करार दिया। विधायक बघेल ने कहा कि यह योजना सराहनीय दिखती है, क्योंकि इसके माध्यम से लोगों से सीधा संवाद करने और उनकी मांगों व परेशानियों को जानने का मौका मिलता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि जनता की परेशानियां और शिकायतें केवल कागजों तक ही सिमट कर रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि आवास, बिजली, पानी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। महतारी वंदन योजना की विसंगति को उठाते हुए उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन को बंद कर योजना में शामिल कर दिया गया है जिससे बुजुर्गों को नुकसान हो रहा है।




### जनता के लिए करेंगे संघर्ष

विधायक की चेतावनी देते हुए कहा कि जनता को बेवकूफ बनाने का खेल अब नहीं चलेगा। सुशासन तिहार में आए हुए आवेदनों और समस्याओं का निराकरण समय सीमा के भीतर नहीं किया गया, तो वह आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इवेंटबाजी छोड़कर जनता की मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए।

## भरकापारा स्कूल में आयोजित शिविर में मिले 56 आवेदन

# महापौर ने हितग्राहियों को ऋण पत्र किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार 2026 के लिए वार्डों में आयोजित समाधान शिविर के तहत 5 वार्ड क्रमशः वार्ड नं. 25, 26, 27, 28 व 29 के लिए भरकापारा स्कूल में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 56 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 45 शिकायत के 11 आवेदन आए। शिविर में महापौर मधुसूदन यादव ने वार्डवासियों से रूबरू हुए और उनके आवेदनों व मांग पर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

महापौर श्री यादव ने कहा कि तिहार का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी जाकर बताना और उनकी समस्या व मांग संबंधी आवेदन का त्वरित निराकरण करना है।




शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगे है, जहां विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु, पेंशन योजना के आवेदन, प्रधानमंत्री आवास, जैसे आवेदनों का जल्द निराकरण किया जाएगा। वहीं निर्माण एवं अन्य कार्यों का प्राथमिकता तय कर समय-सीमा निर्धारित कर निराकरण किया जाएगा। महापौर ने कहा कि आंगनबाड़ी में किचन व शौचालय निर्माण की मांग पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार हमर क्लीनिक निर्माण के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया भी जल्द पूर्ण की जाएगी।

### समय सीमा पर निराकरण के निर्देश

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारी व कर्मचारी से प्राप्त आवेदनों को विभागवार सूचीबद्ध कर ऑनलाइन प्रविष्टि कर यथासंभव समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में महापौर श्री यादव ने राजेश जैन, झामित नादान सेन, अमित कुशवाहा, शैंकी बग्गा, शिव वर्मा, मनोहर यादव, बंटी यादव के साथ विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 5 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करा 2 नवजात शिशुओं का अन्नप्रासन्न कराया तथा परिवहन विभाग से बने 5 व्यक्ति को ड्राईविंग लाईसेंस एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत स्वीकृत 3 व्यक्तियों को ऋण पत्र दिया।

# जागरण मंच का नए कार्यकर्ता जोड़ने अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय विचार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहर के कस्तूरबा महिला मंडल भवन में आयोजित इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल शामिल हुए।

स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा लोगों को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया गया। जिला स्तरीय शिविर के आयोजन में ऑनलाइन विदेशी सामानों की खरीदी नहीं करने लोगों को जगरूक करते हुए अपील की गई। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वदेशी उत्पादों को लेकर जागरूकता फैलाई। उन्होंने लोगों से स्वदेशी वस्तु खरीदने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कभी भारत पिछड़ा देश था, लेकिन आज परिस्थितियों बदल गई है, भारत दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनकर उभरा है, विश्व की नजरे आज भारत पर टिकी है।



### लोगों ने स्वदेशी पर विचार व्यक्त किया

आयोजन को लेकर स्वदेशी जागरण मंच के कार्यक्रम प्रभारी अनिमेष रॉय और मोना गोसाई ने बताया कि इस कार्यशाला माध्यम से स्वदेशी मेले में बेहतर आयोजन करने और स्वदेशी जागरण मंच में कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया है। कार्यशाला के माध्यम से स्वदेशी को लेकर लोगों ने अपने विचार रखें।

# 22 केंद्रों में होगी डीएड प्रवेश परीक्षा, शामिल होंगे 6712 परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 4 जून 2026 को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 1.15 बजे तक डी.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में डी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें 6712 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### साढ़े नौ बजे तक मिलेगा प्रवेश

परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में सुबह 9.30 बजे तक प्रवेश करना होगा। इसके पश्चात परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा।

## फोटो युक्त पहचान पत्र साथ लाने के दिए गए निर्देश

### उड़नदस्ता दल का गठन

परीक्षार्थियों के प्रवेश, फ्रिस्किंग और सत्यापन की प्रक्रिया 2 घंटे पूर्व से प्रारंभ की जाएगी, ताकि समय पर प्रवेश पूर्ण किया जा सके। परीक्षा की निगरानी हेतु उडनदस्ता दल, नोडल अधिकारी, पुलिस नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की नियुक्ति की गई है, जो पूरे परीक्षा काल में सतत निरीक्षण करेंगे।



**प्रशासन ने की तगड़ी व्यवस्था :** जिला प्रशासन द्वारा डी.एड. प्रवेश परीक्षा सुचारू, सुरक्षित एवं अनुशासित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षार्थियों से निर्देशों का पालन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में सहयोग प्रदान करने अपील की गई।

### हल्के रंग के कपड़े पहने परीक्षार्थी

परीक्षार्थियों को आधी बांह वाले सादे, हल्के रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना होगा। प्रवेश प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिस कर्मियों और पुरूष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरूष पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाएगी।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं एवं किसी भी प्रकार की नकल सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल नीले या काले बॉल पेन की अनुमति होगी।

## सार समाचार

### अवैध रिसोर्टों को भी करें जमीनदोज : रूपेश

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने मनगटा में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन की कार्रवाई को विधि सम्मतत बताते कहा कि जिले में अवैध कार्यों की बाढ़ आ गई है। यहां तक प्रत्येक ग्रामों में भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहे हैं और राजस्व विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहती है। उसी तर्ज पर मनगटा, जुराडबरी, जोरातराई क्षेत्र में लगभग डेढ़ सौ से अधिक रिसोर्ट बने हुए हैं। उन रिसोर्ट का ना तो डायवर्सन हुआ है और ना ही निर्माण की विधिवत अनुमति ली गई है और लगातार वहां शराबखोरी अय्याशी के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिसिया कार्रवाई भी हो रही है, लेकिन अवैध निर्माण, डायवर्सन के बारे में कोई जांच पड़ताल नहीं होती है। अब मनगटा क्षेत्र में प्रशासन सक्रिय हुई है तो ऐसी दशा में इस क्षेत्र के जितने भी रिसोर्ट हैं, उन रिसोर्ट निर्माण एवं डायवर्सन की जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करें और जिनके डायवर्सन नहीं हुए हैं, निर्माण विधिवत अनुमति से नहीं है, उन निर्माण कार्य निर्माण को बुलडोजर चलाकर जमीनदोज कर उनके संचालकों पर अपराध दर्ज करने की कार्रवाई आवश्यक है, क्योंकि अवैध कार्यों में संलिप्तों को एक संदेश भी आवश्यक है, क्योंकि संस्कृति सभ्यता का क्षरन भी इस प्रकार के वातावरण से ही होता है।

### आज से 16 दिवसीय श्रीनारायण महामहोत्सव

**राजनांदगांव।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव का शुभारंभ कल 1 जून से होगा। इस अवसर पर श्री नारायण धाम स्थित श्री सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन में प्रतिदिन दोपहर 3.30 से रात्रि 7 बजे तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास आत्मचिंतन, भक्ति, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने का श्रेष्ठ अवसर है। धार्मिक आयोजनों में सहभागिता समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती है। महामहोत्सव के प्रथम दिवस शंखनाद, शंखध्वनि एवं घंटाध्वनि के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात भक्त शिरोमणि हनुमान जी के सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। जिसकी भक्तिमय प्रस्तुति देवी अर्चना एवं नेहा वैष्णव द्वारा की जाएगी। साथ ही भक्त शिरोमणि हनुमान महाराज का भव्य भूमि दरबार एवं आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के निवृत्तिमान अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि महामहोत्सव के दूसरे दिवस महासर माता महिला मंडल द्वारा महासर माता मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अभिजीत जोशी अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।



**राजनांदगांव।** घुमका नगर पंचायत चुनाव के तहत पुलिस ने आज शांति व्यवस्था के अंतर्गत क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

### दो दिवसीय संविधान मेले का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के गांधी सभागृह में भीम आर्मी जिला ईकाई द्वारा लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी देने दो दिवसीय संविधान मेले का आयोजन किया गया। संविधान में दिए गए मौलिक आधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित संविधान मेले में जनजागरूकता हेतु प्रदर्शनी लगाई गई। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार शेंडे ने बताया कि लोगों को संविधान में दिए गए उनके मूल अधिकारों को लेकर जानकारी दी गई। आयोजन के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया। सुबह 10 से शाम 7 बजे तक आयोजित दो दिवसीय संविधान मेले में पाम्पलेट और पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में पोस्टर चित्रों के जरिये संविधान के मौलिक अधिकारों को सरल रूप से समझाया गया है, जहां संविधान के जानकारों द्वारा प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को संवैधानिक अधिकारों के बारे में बताया गया।

### एटीएम बदलकर धोखाधड़ी

**राजनांदगांव।** एटीएम में पैसा निकालने गए प्रार्थी का एटीएम बदलकर अज्ञात आरोपी ने लगभग 40 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 मई को वह अपने पिता के बैंक खाते के एटीएम से पैसा निकालने के लिए एसबीआई एटीएम नया बस स्टैंड के सामने डोंगरगढ़ में पैसा निकाल रहा था। एटीएम से पैसा नहीं निकल रहा था। उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और उसे पैसा निकल रहा है कि नहीं पूछा, जिस पर प्रार्थी ने पैसा नहीं निकल रहा है, बोलकर रोड की तरफ मुडकर देख रहा था। उसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसके एटीएम कार्ड बदल दिया और वहां से चला गया। कुछ समय बाद प्रार्थी के पिता के मोबाइल में 40,000 रुपए निकलने का मैसेज आया, तब प्रार्थी को पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पिता के बैंक खाते के एटीएम कार्ड से 40 हजार रुपए निकालकर धोखाधड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### कलेक्टर ने निजी शालाओं के प्राचार्यों की बैठक ली

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नए शिक्षा सत्र के मद्देनजर निजी शालाओं के प्राचार्यों की बैठक ली।



कलेक्टर ने कहा कि सभी स्कूलों में आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। दो दिन में आधार सत्यापन का कार्य पूर्ण नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी निजी स्कूलों में नए शिक्षा सत्र में दाखिला कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित सभी स्कूलों में एनसीआरटी एवं सीजी बोर्ड वाले स्कूलों में एससीईआरटी की पुस्तकों से अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने कहा। स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश के लिए किसी विशेष फर्म से खरीदने अभिभावकों को बाध्य नहीं करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विद्यार्थियों को आईआईटी, नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक से अधिक चयनित कराने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। जिले से आईआईटी, नीट एवं एनआईटी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों के चयनित होने पर अन्य बच्चे भी पढ़ाई के लिए प्रेरित होते हैं और अभिभावकों का विश्वास बढ़ता है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल परिसर के आसपास के 100 मीटर की दूरी पर तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी स्कूलों को आरटीई अंतर्गत कार्रवाई पूर्ण कर सीटों की जानकारी पोर्टल में अंकित करने कहा।

## बार-बार बिजली बंद होने की आ रही समस्या

# मेंटेनेंस के नाम पर फूंक दिए करोड़ों रुपए, फिर भी हर दिन ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में भीषण गर्मी के इस दौर में आम जनता बिजली की आंख-मिचौली से बुरी तरह त्रस्त है। विद्युत विभाग द्वारा हर वर्ष प्री-मानसून मेंटेनेंस और बुनियादी ढांचे को सुधारने के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट कागजों पर फूंक दिया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में हर दिन घंटों का अघोषित ब्लैकआउट हो रहा है।

लगभग एक माह से शहर की जनता बदहाल बिजली व्यवस्था से त्रस्त हो गई है। नौतपा की भीषण गर्मी के बीच लगातार विद्युत उपकरणों में खराबी आने के चलते शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बार-बार घंटों बिजली बंद होने की समस्या आ रही है। वहीं हल्की आंधी और बारिश में विद्युत वायर आपस में टकराने से आग लगने की घटना भी हो रही है। जबकि मेंटेनेंस किए जाने से विद्युत तारों का रखरखाव पर काम किया जाता है, लेकिन इस बार हुआ मेन्टेनेंस कार्य केवल खानापूर्ति ही नजर आ रहा है। व्यवस्था सुचारू रखने में विभाग नाकाम साबित हो रहा है।

### रोज हो रही समस्या

शनिवार को जहां देर शाम से तड़के तक लोग बिजली व्यवस्था से हलकान रहे। वहीं रविवार को शहर के ग्रीन सिटी, शंकरपुर, दीनदयाल कॉलोनी, चिखली, पुराना ढाबा, नया ढाबा, केशर नगर, गंज चौक, सहदेव नगर, रामनगर, ममता नगर, खंडेलवाल कॉलोनी, नवागांव सहित एक दर्जन से अधिक क्षेत्र में लाइट बंद होने से लोग परेशान रहे।



### उमस और गर्मी से रातभर जनता परेशान

शनिवार शाम आंधी और हल्की बारिश के बीच लगभग पूरे शहर में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद बिजली आने और जाने का सिलसिला शुरू हो गया। शहर के कई इलाकों में रात 2 बजे के करीब बिजली बहाल हुई। वहीं पटरीपार के कुछ क्षेत्र में रातभर बिजली आने-जाने का सिलसिला चलता रहा।

### मेन्टेनेंस के नाम पर खानापूर्ति

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा मेन्टेनेंस के लिए ऊपरी तौर पर ही वृक्ष के टहनियों की कटाई की गई। जबकि शहर के कई विद्युत पोल और तारों में अब भी झाड़ियां लपटी हुई है। भीषण गर्मी के बीच किए गए मेन्टेनेंस को 5 घंटे तक शहर की जनता ने बर्दाश्त किया था, ताकि बारिश के मौसम में विद्युत व्यवस्था सुचारू हो सके। जनता के सहयोग के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा व्यवस्था दुरूस्त नहीं की जा सकी है। बारिश के शुरूआती दिनों से पहले ही समस्याएं खड़ी हो रही है।

### राजनीतिक पार्टियां भी कर रही विरोध

अघोषित बिजली कटौती और बदहाल व्यवस्था को लेकर विपक्ष की राजनीतिक पार्टियों द्वारा विद्युत मंडल का घेराव किया गया। कांग्रेस और जनता कांग्रेस के लोगों ने अघोषित बिजली कटौती को लेकर विद्युत कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। वहीं सत्तापक्ष से जुड़े नेता भी बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकल रहे हैं। लंबे समय बाद शहर में इतनी खराब बिजली व्यवस्था बनी हुई है। जिसमें पूरे शहर में ब्लैकआउट हो रहा है।

### निम्न स्तर के उपकरणों की सप्लाई पर सवाल

मेन्टेनेंस के बाद भी बार-बार बिजली के बंद और उपकरणों के खराब होने को लेकर घटिया क्वालिटी के मटेरियल सप्लाई का मामला भी सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग में सप्लाई होने वाले उपकरणों की क्वालिटी निम्न स्तर की होने के चलते बार-बार इस तरह की समस्या आ रही है। इस मामले में जल्द ही राजनीतिक पार्टियों द्वारा आंदोलन किए जाने की तैयारी भी की जा रही है।

## अवैध रूप से शराब बिक्री कोचिया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 43 पौवा शराब बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना मिली थी, जिस पर थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में 31 मई को पुलिस टीम गठित कर आरोपी दीपचंद साहू द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते व कब्जे में रखे 31 पौवा देशी प्लेन शोले एवं महाराष्ट्र निर्मित 12 पौवा देशी दारू संत्री कुल 43 पौवा कीमती 3440 रुपए, बिक्री रकम 150 रुपए एवं 1 नग स्कूटी वाहन को घटनास्थल आदिवासी समाज भवन रेवाडीह के पास से जब्त किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी दीपचंद साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## तूफान से गार्डन के वृक्षों में लगी आग, सकते में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मां शीतला मंदिर परिसर के समीप स्थित नेहरू उद्यान में शनिवार रात लगभग 8.30 बजे के करीब हवा-तूफान के बीच पाम के वृक्षों में भीषण आगजनी हो गई। एक के बाद एक कई वृक्ष इसकी चपेट में आ गए। तेज हवाओं के बीच आग की लपटे बढ़ती चली गई। जिससे आसपास क्षेत्र में आगजनी को लेकर घंटों दहशत का माहौल बना रहा।

मां शीतला मंदिर परिसर के सामने स्थित गार्डन में अचानक पाम के ऊंचे वृक्ष में आग जलती हुई दिखाई दी। कुछ ही मिनट में तेज हवा के चलते आसपास के अन्य वृक्षों में भी आग लग गई। तेज हवाओं की वजह से आग की लपटे



धूं-धूं कर फैलने लगी और चिंगारी दूर तक हवा में उड़ती हुई दिखाई दी। जिससे आसपास के निवासी दहशत में आ गए।

### भयावह स्थिति

गार्डन में लगी आग तूफान की वजह से काफी भयावह दिखाई दे रही थी। आग इतनी भीषण थी कि दूर से इसका नजारा दिख रहा था। मौके पर पहुंचे दमकल गर्मियों द्वारा मशक्कत से वृक्षों में लगी आग को बुझाया गया।

### तूफान की वजह से वृक्ष तक पहुंची चिंगारी

फौव्वारा के सूखे टांके में पत्तियों का कचरा पड़ा हुआ था। जिसमें आग लगी और यहां से तूफान के बीच चिंगारी उड़कर पेड़ तक पहुंच गई। तेज हवा का वृक्ष में सूखे पत्ते होने के चलते आग तेजी से पूरे वृक्ष में फैल गई।

## राजनांदगांव पैंथर्स क्रिकेट टीम की जर्सी की लांचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में कल एबीस ग्रीन होटल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) संस्करण 3 में हिस्सा ले रही राजनांदगांव पैंथर्स टीम की जर्सी एवं टीम लॉन्चिंग का भव्य समारोह संपन्न हुआ। सीसीपीएल के संस्करण 3 का आयोजन रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 जून से प्रारंभ होने जा रहा है। 14 जून को प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा। पिछले वर्ष संस्करण 2 में राजनांदगांव पैंथर्स की टीम संयुक्त विजेता रही है। समारोह में बड़ी संख्या में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य, खेलप्रेमी, शहर के गणमान्य नागरिक एवं जूनियर क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे।

समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख, जिलाधीश जितेंद्र यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, समाजसेवी राजेंद्र गोलछा, सीसीपीएल के चेयरमैन भास्कर शास्त्री, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, महामंत्री अरुण डुलानी, सीएससीएस के सीनियर चयनकर्ता तस्लीम आरिफ, सह-सचिव अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गुरुचरण मखीजा, राजकुमार बाफना, महेश खंडेलवाल, प्रमोद करमरकर, सुभाष हुंका, विश्व हिंदू परिषद एवं युगांतर स्कूल के पदाधिकारीगण, एडवोकेट योगेश दुरक्कड़, अग्रवाल समाज सहित कुछ अन्य समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह में सर्वप्रथम सीसीपीएल के ब्रांड एंबेसडर वीरू को प्रस्तुत किया गया।




### कलेक्टर ने दिए सुझाव

समारोह में जूनियर क्रिकेट खिलाड़ियों को जिलाधीश ने सफलता के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। समारोह को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, राजेश चौहान, सीसीपीएल के चेयरमैन भास्कर शास्त्री ने भी अपने संबोधन में राजनांदगांव पैंथर्स टीम को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं देते उनका उचित मार्गदर्शन भी किया।

### पूर्व क्रिकेटर का सम्मान

समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने विशिष्ट अतिथि राजेश चौहान को उनके कामयाब कैरियर हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। वहीं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोच एवं राजनांदगांव पैंथर्स टीम के सह-कोच शहर के हिमांशु यादव को बीसीसीआई द्वारा आयोजित कोचिंग हेतु परीक्षा लेवल ओ वर्ग में सफल होने पर सम्मानित भी किया। समारोह का संचालन श्रद्धा बाफना एवं विशाल शर्मा ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन दुर्गेश शुक्ला ने किया।

### टीम में अजय मंडल

राजनांदगांव पैंथर्स टीम के कप्तान अजय मंडल सहित अन्य खिलाड़ियों ने समारोह में अपनी प्रस्तुति के बाद शहर के खेलप्रेमियों से भेंट की। ट्रॉफी अनावरण के पश्चात टी-शर्ट लॉन्च की गई। समारोह में अतिथियों का जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। समारोह में जिलाधीश जितेंद्र यादव ने राजनांदगांव पैंथर्स टीम को शुभकामना देते उन्हें अपने अच्छे प्रदर्शन हेतु उचित मार्गदर्शन दिया।

## निगम आयुक्त रहे डॉ. आशुतोष का पहला उपन्यास


# 'यक्षिणी' में जीवंत हुआ मैकल का रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रशासनिक दायित्वों के बीच साहित्य साधना का एक अनूठा उदाहरण सामने आया है। कोरिया जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में पदस्थ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने पहले उपन्यास 'यक्षिणी : मैकल की अनुगूँज' के माध्यम से मैकल अंचल के रहस्य, लोककथाओं और सांस्कृतिक विरासत को शब्दों में सजीव कर दिया है।

डीएसपी, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम तथा राजनांदगांव नगर निगम आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके डॉ. चतुर्वेदी ने लगभग पांच वर्षों की सतत साधना के बाद इस उपन्यास की रचना की है। प्रशासनिक व्यस्तताओं के बीच लिखी गई यह कृति उनके साहित्य प्रेम और सृजनशीलता का प्रमाण मानी जा रही है।साहित्यिक परिवेश से जुड़े डॉ. चतुर्वेदी का हिंदी और संस्कृत भाषा पर गहरा अधिकार है।

### मैकल के अरण्य की कथा






चार खंडों बीज, अंकुरण, अनुगूँज और अंतर्ध्वनि में विभाजित यह उपन्यास पाठकों को मैकल के अरण्य की गहराइयों तक ले जाता है। रतनपुर की ऐतिहासिक धरोहर, अमरकंटक के तपस्थल, चांगभखार की प्राकृतिक छंटा और रामगढ़ की रहस्यमयी पहाड़ियों जैसे अनेक स्थलों को लेखक ने कथानक में अत्यंत प्रामाणिकता के साथ पिरोया है।

### साहित्यकारों ने कृति को सराहा

साहित्य प्रेमियों का मानना है कि पहली ही कृति में डॉ. चतुर्वेदी ने जिस परिपक्व भाषा, प्रभावी कथानक और सशक्त वर्णन शैली का परिचय दिया है, वह किसी अनुभवी उपन्यासकार की लेखनी का आभास कराती है। 'यक्षिणी' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि मैकल अंचल की सांस्कृतिक स्मृतियों, लोकविश्वासों और प्रकृति के रहस्यमय सौंदर्य की साहित्यिक यात्रा है।

### रहस्य और रोमांच का संगम

'यक्षिणी : मैकल की अनुगूँज' अपने भीतर मैकल पर्वतमाला के घने जंगलों, लोकविश्वासों, आध्यात्मिक रहस्यों और जनश्रुतियों को समेटे हुए हैं। उपन्यास में एक रहस्यमयी तालाब का वर्णन है, जो हर किसी को दिखाई नहीं देता। लोक कथाओं के अनुसार श्रद्धा और विस्मय के भाव से वहां पहुंचने वालों को उसकी गहराइयों में एक अलौकिक उपस्थिति का आभास होता है। पूर्णिमा की रातों में चंपा की सुगंध से महकता वह स्थान और उससे जुड़ी यक्षिणी की कथा उपन्यास को रहस्य और रोमांच से भर देती है।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की है। इस मामले में सह आरोपी फरार है। जिसकी पतासाजी की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 5 अप्रैल को उसकी होंडा शाइन मोटर साइकिल को ग्राम बनभेड़ी के पास से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### नंबर प्लेट बदला

आरोपी के कब्जे से बरामद मोटर साइकिल पर वास्तविक नंबर के स्थान पर दूसरे नंबर प्लेट लगी हुई पाई गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने चोरी की गई मोटर साइकिल की पहचान छिपाने एवं पुलिस कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसका उपयोग किया था। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी की गई होंडा शाइन मोटर साइकिल। जिसमें फर्जी नंबर प्लेट लगे को जब्त किए गए।

### अन्य आरोपी की तलाश

प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध चोरी के साथ-साथ अपराध के साक्ष्य छिपाने एवं वाहन की पहचान बदलने संबंधी धाराएं 336(3), 238 एवं 3(5) बीएनएस भी जोड़ी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर नया शराब भट्ठी क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम लोकेश वैष्णव 27 वर्ष निवासी बजरंग चौक वार्ड नं. 7 शंकरपुर बताया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी भाई के साथ मिलकर मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किया।

## धान गायब होने के मामलों के बीच नियमों का पालन व विभागीय निगरानी नही

# उपार्जन आदेश की उड़ रहीं धज्जियां मिलरों पर मेहरबान खाद्य विभाग

- धान से चांवल तक का हिसाब अधूरा, खाद्य विभाग की निगरानी पर प्रश्नचिह्न?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में धान खरीदी वर्ष 2025-26 के दौरान उपार्जन केंद्रों से धान गायब होने के लगातार सामने आ रहे मामलों के बीच खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश-2016 के प्रावधानों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, लेकिन विभाग संबंधित राइस मिलरों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण देने में लगा हुआ है।

सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए केशरवानी ने बताया कि उपार्जन आदेश-2016 के नियम-6 के तहत प्रत्येक मिलर को अनुसूची-1 (क), अनुसूची-1 (ख) एवं अनुसूची-2 के निर्धारित अभिलेख तैयार कर खाद्य विभाग में जमा करना अनिवार्य है। इसके बावजूद विभाग के पास इन अभिलेखों का समुचित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उनका आरोप है कि विभागीय उदासीनता और कथित कमीशनखोरी के कारण नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी से धान खरीदी और कस्टम मिलिंग व्यवस्था की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। साथ ही धान गायब होने और स्टॉक में गड़बड़ी जैसे मामलों की निष्पक्ष जांच भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में विभाग की भूमिका और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया कि धान खरीदी वर्ष 2025-26 के दौरान उपार्जन केंद्रों और राइस मिलों से धान का उठाव कर बड़े पैमाने पर रीसायकलिंग की गई है। उन्होंने दावा किया कि 5 फरवरी को रबेली-जेवड़न रोड स्थित एक राइस मिल से जेवड़न खुर्द उपार्जन केंद्र में अवैध रूप से धान खपाने की शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से चांवल लाकर जिले में खपाया जा रहा है, इसके बावजूद विभाग मौन बना हुआ है। शिकायतों के बाद भी संबंधित मिलरों और उपार्जन केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई नहीं होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल और गहरे हो गए हैं। खाद्य विभाग की ओर से इन आरोपों पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### धान और चावल स्टॉक रजिस्टर रखना है अनिवार्य




उपार्जन आदेश-2016 के तहत प्रत्येक राइस मिलर को धान एवं चावल का अलग-अलग स्टॉक रजिस्टर संधारित करना अनिवार्य है। रजिस्टर में प्रारंभिक स्टॉक, प्राप्त मात्रा, मिलिंग में उपयोग, विक्रय अथवा परिदान और शेष स्टॉक का पूरा विवरण दर्ज करना होता है। साथ ही अधिकृत व्यक्ति और निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर भी अनिवार्य हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन अभिलेखों की नियमित जांच से धान और चांवल के वास्तविक स्टॉक का सत्यापन संभव है तथा अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकता है।

### मासिक विवरणी और बिजली खपत से खुल सकता है पूरा हिसाब

आदेश के अनुसार प्रत्येक मिलर को प्रतिमाह धान एवं चांवल के स्टॉक, मिलिंग की मात्रा, परिदान किए गए चांवल तथा शेष स्टॉक की विस्तृत जानकारी विभाग को देना अनिवार्य है। इसके साथ ही मिलिंग कार्य में खर्च हुई बिजली की यूनिट और संबंधित माह का बिजली बिल भी संलग्न करना होता है। जानकारों के अनुसार स्टॉक रजिस्टर, मासिक विवरणी और बिजली खपत के आंकड़ों का मिलान करने से मिलिंग गतिविधियों और उत्पादन की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सकता है। यदि इन अभिलेखों की नियमित जांच हो तो संभावित गड़बड़ियों का आसानी से खुलासा हो सकता है।

# क्षेत्र में लाखों रुपए की लागत से लगे सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट शोपीस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

### स्ट्रीट लाइटों की जांच कर मरम्मत कराई जाए

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गांव में लगे सभी सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइटों की तत्काल जांच कर मरम्मत कराई जाए, ताकि लाखों रुपए की सरकारी संपत्ति का सदुपयोग हो सके और ग्रामीणों को रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था का लाभ मिल सके। उनका कहना है कि छोटी-छोटी मूलभूत सुविधाओं पर समय रहते ध्यान दिया जाए तो ग्रामीणों की कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में लाखों रुपए की लागत से लगाए गए सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट पिछले लगभग चार वर्षों से बंद पड़े हैं। गांव के धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों और विभिन्न मोहल्लों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था के लिए करीब 10 सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट स्थापित किए गए थे, लेकिन वर्तमान में अधिकांश लाइटें शोपीस बनकर रह गई हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इन लाइटों के बंद रहने से रात के समय गांव में अंधेरा पसरा रहता है। लोगों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगाए गए ये सौर ऊर्जा लाइट अब अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि अधिकांश लाइटों की बैटरियां खराब हो चुकी हैं और केवल बैटरी बदलने से व्यवस्था फिर से चालू हो सकती है, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत को मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए 15वें वित्त आयोग मद से राशि प्राप्त होती है। ऐसे में पंचायत स्तर पर आवश्यक मरम्मत कर इन बंद पड़ी लाइटों को पुनः चालू कराया जा सकता है, जिससे गांव में फिर से रोशनी की व्यवस्था बहाल हो सके।

बरसात का मौसम नजदीक होने के कारण ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। उनका कहना है कि बारिश के दिनों में अंधेरे के कारण आवागमन में परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

### बारिश से पहले बिजई-सोनबरसा मार्ग की मरम्मत की मांग

**बिजई।** बिजई से सोनबरसा पहुंच मार्ग की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ महीने पहले सड़क की मरम्मत के नाम पर केवल लीपापोती की गई थी लेकिन अब सड़क फिर से जर्जर हो चुकी है। मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं और डामर उखड़ने से गिट्टियां बाहर निकल आई हैं। ग्रामीणों के अनुसार बारिश शुरू होते ही गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे आवागमन और अधिक कठिन हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बिजई और सोनबरसा के बीच आवागमन करते हैं जबकि ग्रामीणों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने हेतु इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण कई लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान कीचड़ उछलने से स्कूली बच्चों के कपड़े भी खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की दुर्दशा के बावजूद संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि बारिश से पहले सड़क की मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाए तथा आवश्यकतानुसार गिट्टी और डामर बिछाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके।

# 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



- स्वतंत्रता सेनानी परिवारों ने पीएम एवं सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम द्वारा स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के हितों से जुड़ी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

संस्था ने ज्ञापन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों के लिए शासकीय सेवाओं में 5 प्रतिशत आरक्षण, राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मान, निःशुल्क बस-रेल यात्रा व चिकित्सा सुविधा, पेंशन योजना, भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटन तथा स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन परिचय को पाठ्यक्रम में शामिल करने जैसी मांगें प्रमुख रूप से रखीं। संस्था का कहना है कि आजादी के 77 वर्ष बाद अधिकांश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अब जीवित नहीं हैं, इसलिए उनके परिवारों के संरक्षण एवं सम्मान के लिए विशेष योजनाएं लागू की जानी चाहिए।

ज्ञापन सौंपने वालों में संस्था के अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु, उपाध्यक्ष एसएस जैन, कोषाध्यक्ष महेश महोबिया, सचिव नरोत्तम महोबिया एवं सह सचिव सियाराम महोबिया शामिल थें।

# अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को आदर्श जन कल्याण संस्थान द्वारा नगर में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों से धूम्रपान एवं तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने की अपील की गई। इस दौरान विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों

पर धूम्रपान निषेध संबंधी पोस्टर एवं पाम्पलेट लगाए गए। संस्थान के अध्यक्ष डॉ सुनील गुप्ता तन्हा ने धूम्रपान से होने वाली गंभीर बीमारियों की जानकारी देते हुए कहा कि सिगरेट, तम्बाकू और शराब का सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने धूम्रपान को धीमा जहर बताते हुए लोगों से नशे की आदतों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

अभियान के तहत संस्थान द्वारा धूम्रपान निषेध का विशेष पोस्टर जारी किया गया। तत्पश्चात नगर के बस स्टैंड, होटल, पान दुकानों, सरकारी कार्यालय परिसरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर चस्पा कर आमजन को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के संयोजक अंकुर गुप्ता, दुर्गेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुलेखा गुप्ता, अशोक गुप्ता, जयराम चंद्रवंशी, योगेश राजपूत, सुखनंदन चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, योगेंद्र वर्मा, गोपाल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थें।

### धूम्रपान छोड़े, स्वस्थ जीवन अपनाएं

संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि धूम्रपान न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार और आसपास के लोगों के लिए भी नुकसानदायक है। जागरूकता और दृढ़ संकल्प के माध्यम से इस बुरी आदत को छोड़ा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना की प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी गई है। योजना के अंतर्गत 26 जुलाई, रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जानी थी, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। संबंधित विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार आगामी आदेश तक भर्ती एवं प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। अभ्यर्थियों और अभिभावकों से विभागीय निर्देशों पर नजर बनाए रखने तथा नई तिथि की घोषणा का इंतजार करने की अपील की गई है।

# बहनाखोदरा मे नागा बैगा-नागा बैगिन मूर्ति अनावरण व बैगा सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वनांचल क्षेत्र के ग्राम बहनाखोदरा में गत दिनों 29 मई को नागा बैगा-नागा बैगिन मूर्ति अनावरण एवं भव्य बैगा सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बैगा समाज के प्रबुद्ध जन और ग्रामीण शामिल थें।

इस गौरवशाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अर्जुन सिंह तोतड़िया (बैगा) थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता इतवारीराम मद्दिया (मछीया) ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में साधुराम झुमडीया और बैगा समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष कामू बैगा मंच पर उपस्थित थें। मंच का सफल संचालन सोनसिंह बैगा द्वारा किया गया।

सम्मेलन के दौरान वनांचल की समृद्ध लोक संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में आए दर्जनों नर्तक दलों ने पारंपरिक वेशभूषा में एक साथ मनमोहक नृत्य कर अपनी गौरवशाली संस्कृति का शानदार प्रदर्शन किया। लोक धुनों और मांदर की थाप पर समां ऐसा बंधा कि कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, विशिष्ट जन और आयोजक भी खुद को रोक नहीं पाए और नर्तक दलों के साथ थिरकते नजर आए। यह अद्भुत और विहंगम नजारा पूरे आयोजन के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा।

मुख्य अतिथि के आसंदी से समाज को संबोधित करते हुए पद्मश्री अर्जुन सिंह तोतड़िया ने कहा कि मुझे जो देश का प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान प्राप्त हुआ है, वह मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि बैगा समाज की समृद्ध संस्कृति, लोक-कला और बोली की देन है। वहीं समाज के विकास के लिए युवाओं का शिक्षित होना और शराब जैसी बुराइयों से दूर रहना बेहद जरूरी है।

# पंचायत चुनाव के लिए आम वोटिंग मतदान दल रवाना, 4 को मतगणना

## नपं सहसपुर लोहारा में प्रातः 08 से शाम 05 बजे तक होगा मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उप-निर्वाचन 2026 के तहत नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद तथा ग्राम पंचायत उड़ियाखुर्द के वार्ड क्रमांक-08 एवं ग्राम पंचायत पोलमी के वार्ड क्रमांक-14 के रिक्त पंच पदों के लिए 01 जून को मतदान होने जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन संबंधी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उक्त स्थानों पर मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को 31 मई रविवार को रवाना किया गया। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के उप चुनाव के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय से मतदान दलों को रवाना किया गया।


वहीं पोलमी के लिए जनपद पंचायत पंडरिया और उड़ियाखुर्द के लिए जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से मतदान दल रवाना हुए। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में प्रातः 08 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 04 जून को प्रातः 09 बजे से किया जाएगा तथा मतगणना सम्पन्न होने के बाद निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी। वहीं पंचायतों में प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान होगा, जिसके पश्चात वहीं मतगणना की जाएगी।

### नपं सहसपुर लोहारा में बनाए गए 15 बूथ

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 15 वार्डों के लिए 15 बूथ बनाए गए हैं। जिनमें वार्ड क्र.01- साहू समाज सामुदायिक भवन, वार्ड क्र.02- में सामुदायिक भवन, साहूपारा, वार्ड क्रं. 03- कार्यालय सहायक अभियंता विद्युत वितरण केन्द्र भवन, वार्ड क्रं 04 -सामुदायिक भवन हाल सतनामी पारा, वार्ड क्रं 05 - सामुदायिक भवन, कक्ष क्रमांक 01 सतनामी पारा, वार्ड क्रं 06- आंगनबाड़ी केन्द्र, पटेल पारा, वार्ड क्रं 07- कार्यालय अनु.वि.अधि. जल संसाधन उप संभाग, कक्ष क्रं. 03, वार्ड क्रं 08- आंगनबाड़ी भवन, पुराना तालाब के पास, वार्ड क्रं 09- सामुदायिक भवन, सेन श्रीवास समाज, वार्ड क्रं 10 - बालक प्राथमिक शाला भवन, वार्ड क्रं 11- स्वामी आत्मानंद शास. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, वार्ड क्रं 12 - पुराना कन्या शास. प्राथमिक शाला भवन, वार्ड क्रं 13 - सामुदायिक भवन, तहसील कार्यालय के पास, वार्ड क्रं. 14 - आंगनबाड़ी भवन, नवापारा, वार्ड क्रं. 15- शास. नवीन प्राथमिक शाला, नवापारा में बनाया गया है।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों को नहीं मिल रहा अपना आंगनबाड़ी केंद्र

# मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

### बच्चों को सुरक्षित व सुविधायुक्त वातावरण मिल सके

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कुआंमालगी में नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कराया जाए, रुसेकापा केंद्र में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए तथा कोलेगांव आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत कराई जाए, ताकि नन्हे-मुन्ने बच्चों को सुरक्षित और सुविधायुक्त वातावरण मिल सके। उनका कहना है कि छोटे-छोटे बच्चे आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन जल्द उनकी समस्याओं पर ध्यान देगा।

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी में संचालित दो आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। एक आंगनबाड़ी भवन अत्यंत जर्जर होने के कारण वहां बच्चों को बैठाना सुरक्षित नहीं माना जा रहा है, जबकि दूसरे केंद्र का भवन आज तक निर्मित ही नहीं हो पाया है। ऐसे में दोनों आंगनबाड़ी केंद्र वर्तमान में कार्यकर्ताओं के घरों से संचालित किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भवन के अभाव में बच्चों को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता, जिससे उनके खेलकूद, शिक्षा एवं अन्य गतिविधियां प्रभावित होती हैं। यदि स्वयं का भवन उपलब्ध होता तो बच्चों को बेहतर वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिल सकती थीं।

इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इसी प्रकार रुसेकापा आंगनबाड़ी केंद्र में वर्ष 2016-17 में भवन निर्माण होने के बावजूद आज तक बिजली कनेक्शन नहीं मिला है।

बिजली फिटिंग होने के बाद भी खंभे से कनेक्शन नहीं जुड़ने के कारण भीषण गर्मी और उमस में बच्चों को बिना पंखे और रोशनी के बैठना पड़ता है। वहीं कोलेगांव आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भी जर्जर अवस्था में है। बरसात के दौरान छत से पानी टपकने लगता है, जिससे बच्चों और कार्यकर्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भवन की तत्काल मरम्मत की आवश्यकता महसूस की जा रही है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**कवर्धा।** हाल के दिनो में छत्तीसगढ़ व्यवसायिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की गई एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि इस परीक्षा में शामिल होने वाले परिक्षार्थियों को बड़ी बेसब्री से प्रवेश परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी किए जाने का इंतजार था ताकि वे परीक्षा में अपनी स्थिति का आंकलन कर सकें यह प्रवेश परीक्षा 14 मई गुरुवार को आयोजित की गई थी। मॉडल उत्तर व्यापमं की वेबसाइट में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं।

# जपं पंडरिया में शासन के नियमों की सरेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्र में शासन द्वारा स्वीकृत कराए गए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों में लगातार भष्टचार, अनियमितता तथा गुणवत्ता वितहीन कार्यों की शिकवा शिकायतें सामने आ रही है। इन गुणवत्ताविहीन और घटिया स्तर के निर्माण व विकास कार्यों के पीछे एक चौंकाने वाली वजह सामने आई है।

नियमों के मुताबिक जिन संविदा तकनीकी सहायकों से केवल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का काम लिया जाना चाहिए, उन्हें जनपद के रसूखदारों के संरक्षण में बड़े-बड़े निर्माण कार्यों के निरीक्षण और मूल्यांकन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी गई है। यह सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ शासन के स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (मंत्रालय) द्वारा जारी आदेश क्रमांक 217/22/पं.ग्रा.वि.वि./2020 (दिनांक 20/01/2020) और उसके अनुवर्ती आदेश क्रमांक 427/6492/वि-3/RES/2020 (दिनांक 30/05/2020) में प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव द्वारा राज्य के सभी कलेक्टर्स और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए थे कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अनुबंध पर नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों से मात्र मनरेगा योजना का ही कार्य लिया जाए।

तकनीकी सहायकों को ग्राम पंचायतों के मनरेगा के निर्माण कार्यों के अलावा अन्य कार्यों (जैसे 14वें/15वें वित्त आयोग, मूलभूत या अन्य विभागीय बड़े निर्माण कार्य) का प्रभार बिल्कुल न दिया जावे। आदेश में यह भी चेतावनी दी गई थी कि इन संविदा कर्मियों का वेतन केंद्र सरकार द्वारा इसी शर्त पर वहन किया जाता है कि वे शत-प्रतिशत समय मनरेगा को देंगे।

यदि इनसे दूसरा काम लिया जाता है, तो इनका भुगतान प्रशासनिक मद से नहीं किया जा सकेगा। लेकिन शासन के इन आदेशों की जनपद पंचायत पंडरिया में खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।




### तकनीकी सहायकों के हाथ कमान

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान में पंडरिया जनपद पंचायत के अंतर्गत 4 नियमित उपयंत्री पदस्थ हैं, जिन्हें तकनीकी रूप से बड़े और महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के मूल्यांकन का अनुभव है। इसके विपरीत, मनरेगा के कार्यों के लिए 11 संविदा तकनीकी सहायक तैनात हैं। शासकीय नियमों के अनुसार, मनरेगा से इतर होने वाले सभी बड़े निर्माण व विकास कार्यों के लिए उपलब्ध उप-यंत्रियों की सेवाएं ली जानी अनिवार्य हैं। किंतु पंडरिया जनपद में गंगा उल्टी बह रही है। यहाँ अनुभवी उप-यंत्रियों को दरकिनार कर, अधिकांश बड़े निर्माण कार्यों की पूरी देखरेख, सुपरविजन और मूल्यांकन की जिम्मेदारी इन 11 तकनीकी सहायकों के कंधों पर डाल दी गई है। बताया जा रहा है कि जनपद में नियमित उप-यंत्रियों से ज्यादा काम इन संविदा तकनीकी सहायकों से लिया जा रहा है, जो कि गंभीर वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करता है।

### गुणवत्ता पर पड़ रहा विपरीत असर

शासन के निर्देशों को धता बताने के कारण क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और स्थल चयन पर बेहद विपरीत असर देखा जा रहा है। नौसिखिए और संविदा पर कार्यरत कर्मियों द्वारा किए जा रहे। त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन के कारण धरातल पर घटिया निर्माण कार्य हो रहे हैं। चूंकि संविदा कर्मी पूर्णतः सुरक्षित सेवा शर्तों में नहीं होते, इसलिए स्थानीय स्तर पर साठगांठ कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना और आसान हो गया है।

### जिम्मेदार मौन, कार्रवाई का इंतजार

जब शासन का आदेश इतना कड़ा है कि उक्त निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, तो फिर पंडरिया जनपद पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी किस दबाव या लालच में आकर इन संविदा तकनीकी सहायकों पर मेहरबान हैं? नियमित उप-यंत्रियों को मूकदर्शक बनाकर संविदा कर्मियों से मलाईदार कार्यों का मूल्यांकन कराना इस बात का प्रमाण है कि यहाँ व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और जिला पंचायत के उच्च अधिकारी इस मनमानी पर क्या कार्रवाई करते हैं।

**अपराध : युवक की हत्या कर शव बोरी में भरकर फेंका गया, 3 गिरफ्तार**

# ब्लैकमेलिंग से परेशान महिला ने युवक की हत्या की रची थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में युवक की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक कोमल वर्मा का शव थाना पांडातराई क्षेत्र के ग्राम सोंढ़ा में बोरी के भीतर बरामद हुआ था।

जांच में सामने आया कि अश्लील वीडियो के जरिए कथित ब्लैकमेलिंग और दबाव से परेशान एक महिला ने अपने पति के साथ मिलकर युवक की हत्या कर दी, जबकि शव को ठिकाने लगाने में आरोपी के भाई ने भी सहयोग किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बैहरसरी निवासी कोमल वर्मा 28 मई को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। कॉल डिटेल और अंतिम लोकेशन की जांच में मृतक का संपर्क मंदाकिनी वर्मा से होना सामने आया।

पूछताछ के दौरान आरोपी महिला मंदाकिनी वर्मा ने बताया कि मृतक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा था तथा कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। घटना वाली रात भी मृतक ने महिला पर संबंध बनाने का दबाव बनाया, जिसके बाद उसने उसे अपने घर बुलाया।

घर पहुंचने पर निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाले बड़े पाना से युवक पर हमला किया गया। इस दौरान महिला का पति रामस्नेही वर्मा जाग गया और घटना की जानकारी होने पर दोनों ने मिलकर कोमल वर्मा की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को घर में छिपाकर रखा गया और अगले दिन रामस्नेही वर्मा ने अपने भाई रूपेश वर्मा की मदद से शव को बोरी में भरकर ट्रैक्टर से ग्राम सोंढ़ा ले जाकर फेंक दिया।

हरिभूमि फॉलोअप

### आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया मामला



पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना बोड़ला और चौकी पोड़ी पुलिस ने मामले की गहन जांच कर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने आरोपी रामस्नेही वर्मा, मंदाकिनी वर्मा एवं रूपेश वर्मा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 62/2026 के तहत धारा 103(1), 238(3) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# दिनदहाड़े चेन लूट के चार दिन बाद भी आरोपी फरार

## पांडातराई में महिला दुकानदार से की गई थी लूट

- तमाम आधुनिक संसाधनों के बाद भी परिणाम संतोषजनक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

बीते ढाई वर्षों में प्रदेश के गृह मंत्री ने अपने गृह जिले के पुलिस प्रशासन को करोड़ों रुपये के आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराकर काफी मजबूत बनाया है। इसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा और यदि कोई अपराधी वारदात को अंजाम देता भी है तो वह पुलिस की गिरफ्त से बच नहीं पाएगा।

लेकिन दुर्भाग्यवश चोरी, लूट जैसी घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने में पुलिस अब भी अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पा रही है। ताजा मामला जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र के पांडातराई नगर का है। यहां 27 मई को अपनी किराना दुकान में बैठी महिला अमरावतीन बाई बंजारे को दो नकाबपोश बदमाशों ने लूट का शिकार बनाया। आरोपियों ने उनके गले से सोने की चेन छीनी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने पांडातराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन घटना के चार दिन बाद भी पुलिस आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। साथ ही लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी भी है कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे दिनदहाड़े दुकान में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं।

लोगों की नाराजगी तब और बढ़ जाती है जब घटना के कई दिन बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाती। गौरतलब है कि इससे पहले भी पांडातराई नगर में एक शिक्षक दंपत्ति के घर हुई चोरी के मामले में आरोपी आज तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इसके अलावा भी जिले के कई थानों में कई आपराधिक मामले में लंबित पड़े हैं।



### पुलिस की दलील पीड़िता नहीं बता पा रहा हुलिया

इस संबंध में पांडातराई थाना प्रभारी कमलकांत ने बताया कि घटना के बाद से पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही है। हालांकि पीड़िता आरोपियों का स्पष्ट हुलिया नहीं बता पा रही है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल और आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं, जिसके कारण आरोपियों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस की इस दलील के बाद अब आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं।

# सुदूर वनांचल ग्राम बेंदा के दौरें में पहुंचे जिला पुलिस कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा लगातार वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम बेंदा पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीण नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को सुना। दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं तथा जनसहयोग से संचालित पुलिस गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों को पुलिस और जनता के बीच मजबूत विश्वास एवं सहयोग की भावना को बनाए रखने का संदेश दिया तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध सूचना की तत्काल जानकारी पुलिस को देने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बच्चों से भी संवाद स्थापित किया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय जाने, नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग ही सुरक्षित और विकसित समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक पहुंचकर नागरिकों से सीधे संवाद करना हमारी प्राथमिकता है।

# बोड़ला नसबंदी उगाही मामले में 4 माह बाद भी विभागीय चुप्पी, कार्रवाई अब तक शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में सरकार की मुफ्त नसबंदी योजना के नाम पर गरीब महिलाओं से 1500 से 3000 रुपए की अवैध वसूली का सनसनीखेज मामला सामने आए चार महीने से अधिक का समय बीत चुका है। बीते 14 जनवरी 2026 को इस गंभीर भ्रष्टाचार का खुलासा प्रमुखता से किया गया था।

लेकिन विडंबना देखिए कि इतने महीनों बाद भी दोषी स्टाफ पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी अब तक दबाकर रखी गई है। स्वास्थ्य विभाग की यह चुप्पी अब कई बड़े सवाल खड़े कर रही है। क्या ठंडे बस्ते में डाल दिया गया मामला?

जनवरी में जब यह मामला उजागर हुआ था, जिला चिकित्सा अधिकारी ने मामले की पूरी जांच करने और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई का दावा किया था। लेकिन आज चार महीने बाद भी धरातल पर नतीजा 'शून्य' है। पीड़ित महिलाओं और ग्रामीणों का सवाल है कि क्या जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की गई?

क्या रसूखदार स्टाफ को बचाने के लिए फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है? जब पीड़िता ने खुलेआम पैसे मांगने और पैसे नहीं तो ऑपरेशन नहीं की धमकी देने का आरोप लगाया था, तो अब तक सख्त कदम क्यों नहीं उठाए गए? इन सवालों के साथ उन पीड़ित महिलाओं को कार्यवाही का इंतजार है जिनसे जबरन उगाही की गई थी।




### ओडिशा और मप्र की महिलाओं से भी हुई थी ठगी

गौरतलब है कि बोड़ला स्वास्थ्य केंद्र में दिसंबर 2025 के शिविर के दौरान न केवल स्थानीय भंडार ग्राम की महिलाओं से 1500 रुपए वसूले गए, बल्कि ओडिशा और मध्य प्रदेश से आईं गरीब महिलाओं से भी 3000 रुपए तक की अवैध उगाही के चौंकाने वाले आरोप लगे थे। डिलीवरी और नसबंदी जैसी मुफ्त सरकारी सेवाओं को मोटी कमाई का जरिया बनाने वाले इस गिरोह पर कार्रवाई न होना, क्षेत्र के गरीब मरीजों के साथ सीधा अन्याय है।

### सब सेट हो जाएगा का खेल आज भी जारी?

मामले में मितानिनों और ग्रामीणों ने साफ आरोप लगाया था कि अस्पताल का कुछ स्टाफ खुलेआम सौदेबाजी करता है और कहता है कि पैसे दो, सब सेट कर लेंगे। वर्तमान में विभाग की सुस्ती को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वाकई में ऊपरी स्तर पर सब कुछ सेट कर लिया गया है, तभी तो खुलेआम लूट मचाने वालों पर प्रशासन का चाबुक नहीं चला।

# जिले में मकान सूचीकरण का काम किया गया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जनगणना 2027, हमारे देश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है, जो केवल आंकड़ो का संकलन नहीं बल्कि भविष्य के भारत और हमारे राज्य व जिले के विकास की ठोस नींव तैयार करने का कार्य करेगा।

यह प्रक्रिया हमें यह समझने में सक्षम बनाती है कि समाज के विभिन्न वर्गों तक विकास के लाभ किस प्रकार और कितनी प्रभावशीलता से पहुंच रहे हैं। भारत की जनगणना 2027 का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है।

प्रथम चरण यथा मकानसूचीकरण एवं मकानों के गणना का फील्ड कार्य 01 मई 2026 से प्रारम्भ होकर 30 मई 2026 को सफलतापूर्वक संपादित हो गया है। द्वितीय चरण जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी, 2027 में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण में की गई मकान सूचीकरण का कार्य द्वितीय चरण के जनसंख्या गणना कार्य के लिए एक फ्रेम प्रदान करती है, जिससे कि द्वितीय चरण जनसंख्या गणना कार्य के दौरान कोई भी मकान एवं उसमें रहने वाले परिवार गणना से न छूटे।

प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य के दौरान राज्य के सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्न जो कि मकानों की स्थिति, परिवारों का उपलब्ध सुविधाएं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित थी, की जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से संकलित की गई। अब यह जानकारी भारत सरकार के सर्वर में सुरक्षित रख ली गई है। प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य कबीरधाम के तहसीलों, ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में कुशलता एवं शांतिपूर्वक संपादित किया गया।

**लोकमाता का जीवन सुशासन और जनसेवा का आदर्श उदाहरण: विजय शर्मा**

# लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम राम्हेपुर में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा उनके आदर्शों और लोककल्याणकारी कार्यों को स्मरण किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रपाल धनकर, विदेशी राम धुर्वे, भाईराम पाली, मिलू साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, गडरिया समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान विभूति थीं, जिन्होंने अपने न्यायपूर्ण शासन, जनसेवा, धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।

उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने न केवल मालवा क्षेत्र को समृद्ध और सुशासित बनाया, बल्कि देशभर में अनेक मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और जनहित के निर्माण कार्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और आस्था को सशक्त आधार प्रदान किया।



### समाज के सभी वर्गों के लिए लोकमाता ने किया कार्य

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन महिला सशक्तिकरण, सुशासन, सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए समाज के लिए आदर्श स्थापित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया और अपने शासनकाल में न्याय, समानता एवं लोककल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके विचार और कार्य आज भी समाज को प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# कामठी समिति में 1 करोड़ का धान घोटाला अपराध दर्ज करने के निर्देश से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कामठी धान खरीदी समिति में करोड़ों रुपये के धान घोटाले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खाद्य विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि समिति में 3289 क्विंटल धान की फर्जी खरीदी-विक्रय दिखाकर करीब 1 करोड़ रुपये का गबन किया गया।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस पूरे मामले में प्रभारी प्रबंधक दयाराम पुसऊ, ऑपरेटर एवं अन्य संलिप्त लोगों द्वारा शासन की राशि का आपस में बंदरबांट किए जाने की आशंका जताई गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि गबन की पूरी राशि संबंधित कर्मचारियों और दोषियों से वसूली योग्य है।

खाद्य अधिकारी ने मामले को गंभीर आर्थिक अपराध मानते हुए कहा है कि धान उपार्जन नीति का खुला उल्लंघन कर शासन को भारी आर्थिक नुकसान पहुँचाया गया है। उन्होंने समिति प्रबंधक और ऑपरेटर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिए हैं।

इस खुलासे के बाद सहकारी समितियों में हड़कंप मच गया है। क्षेत्र में यह चर्चा तेज है कि धान खरीदी के नाम पर लंबे समय से फर्जीवाड़े का खेल चल रहा था। अब जांच की आंच अन्य समितियों तक पहुंचने की संभावना भी जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, मामले में जल्द ही पुलिस कार्रवाई और बड़े खुलासे हो सकते हैं। प्रशासन की नजर अब उन अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी है, जिनकी भूमिका इस पूरे घोटाले में संदिग्ध मानी जा रही है।



## सार समाचार

### अवैध रिसोर्टों को भी करें जमीनदोज : रूपेश

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने मनगटा में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन की कार्रवाई को विधि सम्मतत बताते कहा कि जिले में अवैध कार्यों की बाढ़ आ गई है। यहां तक प्रत्येक ग्रामों में भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहे हैं और राजस्व विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहती है। उसी तर्ज पर मनगटा, जुराडबरी, जोरातराई क्षेत्र में लगभग डेढ़ सौ से अधिक रिसोर्ट बने हुए हैं। उन रिसोर्ट का ना तो डायवर्सन हुआ है और ना ही निर्माण की विधिवत अनुमति ली गई है और लगातार वहां शराबखोरी अय्याशी के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिसिया कार्रवाई भी हो रही है, लेकिन अवैध निर्माण, डायवर्सन के बारे में कोई जांच पड़ताल नहीं होती है। अब मनगटा क्षेत्र में प्रशासन सक्रिय हुई है तो ऐसी दशा में इस क्षेत्र के जितने भी रिसोर्ट हैं, उन रिसोर्ट निर्माण एवं डायवर्सन की जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करें और जिनके डायवर्सन नहीं हुए हैं, निर्माण विधिवत अनुमति से नहीं है, उन निर्माण कार्य निर्माण को बुलडोजर चलाकर जमीनदोज कर उनके संचालकों पर अपराध दर्ज करने की कार्रवाई आवश्यक है, क्योंकि अवैध कार्यों में संलिप्तों को एक संदेश भी आवश्यक है, क्योंकि संस्कृति सभ्यता का क्षरन भी इस प्रकार के वातावरण से ही होता है।

### आज से 16 दिवसीय श्रीनारायण महामहोत्सव

**राजनांदगांव।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव का शुभारंभ कल 1 जून से होगा। इस अवसर पर श्री नारायण धाम स्थित श्री सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन में प्रतिदिन दोपहर 3.30 से रात्रि 7 बजे तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी।
श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास आत्मचिंतन, भक्ति, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने का श्रेष्ठ अवसर है। धार्मिक आयोजनों में सहभागिता समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती है। महामहोत्सव के प्रथम दिवस शंखनाद, शंखध्वनि एवं घंटाध्वनि के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात भक्त शिरोमणि हनुमान जी के सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। जिसकी भक्तिमय प्रस्तुति देवी अर्चना एवं नेहा वैष्णव द्वारा की जाएगी। साथ ही भक्त शिरोमणि हनुमान महाराज का भव्य भूमि दरबार एवं आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के निवृत्तिमान अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि महामहोत्सव के दूसरे दिवस महासर माता महिला मंडल द्वारा महासर माता मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अभिजीत जोशी अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।



राजनांदगांव। घुमका नगर पंचायत चुनाव के तहत पुलिस ने आज शांति व्यवस्था के अंतर्गत क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

### दो दिवसीय संविधान मेले का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के गांधी सभागृह में भीम आर्मी जिला ईकाई द्वारा लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी देने दो दिवसीय संविधान मेले का आयोजन किया गया। संविधान में दिए गए मौलिक आधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित संविधान मेले में जनजागरूकता हेतु प्रदर्शनी लगाई गई। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार शेंडे ने बताया कि लोगों को संविधान में दिए गए उनके मूल अधिकारों को लेकर जानकारी दी गई। आयोजन के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया। सुबह 10 से शाम 7 बजे तक आयोजित दो दिवसीय संविधान मेले में पाम्पलेट और पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में पोस्टर चित्रों के जरिये संविधान के मौलिक अधिकारों को सरल रूप से समझाया गया है, जहां संविधान के जानकारों द्वारा प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को संवैधानिक अधिकारों के बारे में बताया गया।

### एटीएम बदलकर धोखाधड़ी

**राजनांदगांव।** एटीएम में पैसा निकालने गए प्रार्थी का एटीएम बदलकर अज्ञात आरोपी ने लगभग 40 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 मई को वह अपने पिता के बैंक खाते के एटीएम से पैसा निकालने के लिए एसबीआई एटीएम नया बस स्टैंड के सामने डोंगरगढ़ में पैसा निकाल रहा था। एटीएम से पैसा नहीं निकल रहा था। उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और उसे पैसा निकल रहा है कि नहीं पूछा, जिस पर प्रार्थी ने पैसा नहीं निकल रहा है, बोलकर रोड की तरफ मुडकर देख रहा था। उसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसके एटीएम कार्ड बदल दिया और वहां से चला गया। कुछ समय बाद प्रार्थी के पिता के मोबाइल में 40,000 रुपए निकलने का मैसेज आया, तब प्रार्थी को पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पिता के बैंक खाते के एटीएम कार्ड से 40 हजार रुपए निकालकर धोखाधड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### कलेक्टर ने निजी शालाओं के प्राचार्यों की बैठक ली

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नए शिक्षा सत्र के मद्देनजर निजी शालाओं के प्राचार्यों की बैठक ली।



कलेक्टर ने कहा कि सभी स्कूलों में आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। दो दिन में आधार सत्यापन का कार्य पूर्ण नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी निजी स्कूलों में नए शिक्षा सत्र में दाखिला कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित सभी स्कूलों में एनसीआरटी एवं सीजी बोर्ड वाले स्कूलों में एससीईआरटी की पुस्तकों से अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने कहा। स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश के लिए किसी विशेष फर्म से खरीदने अभिभावकों को बाध्य नहीं करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विद्यार्थियों को आईआईटी, नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक से अधिक चयनित कराने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। जिले से आईआईटी, नीट एवं एनआईटी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों के चयनित होने पर अन्य बच्चे भी पढ़ाई के लिए प्रेरित होते हैं और अभिभावकों का विश्वास बढ़ता है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल परिसर के आसपास के 100 मीटर की दूरी पर तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी स्कूलों को आरटीई अंतर्गत कार्रवाई पूर्ण कर सीटों की जानकारी पोर्टल में अंकित करने कहा।

# 22 केंद्रो में होगी डीएड प्रवेश परीक्षा, शामिल होंगे 6712 परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 4 जून 2026 को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 1.15 बजे तक डी.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में डी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें 6712 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### साढ़े नौ बजे तक मिलेगा प्रवेश

परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में सुबह 9.30 बजे तक प्रवेश करना होगा। इसके पश्चात परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा।

## फोटो युक्त पहचान पत्र साथ लाने के दिए गए निर्देश

### उड़नदस्ता दल का गठन

परीक्षार्थियों के प्रवेश, फ्रिस्किंग और सत्यापन की प्रक्रिया 2 घंटे पूर्व से प्रारंभ की जाएगी, ताकि समय पर प्रवेश पूर्ण किया जा सके। परीक्षा की निगरानी हेतु उडनदस्ता दल, नोडल अधिकारी, पुलिस नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की नियुक्ति की गई है, जो पूरे परीक्षा काल में सतत निरीक्षण करेंगे।



प्रशासन ने की तगड़ी व्यवस्था : जिला प्रशासन द्वारा डी.एड. प्रवेश परीक्षा सुचारू, सुरक्षित एवं अनुशासित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षार्थियों से निर्देशों का पालन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में सहयोग प्रदान करने अपील की गई।

### हल्के रंग के कपड़े पहने परीक्षार्थी

परीक्षार्थियों को आधी बांह वाले सादे, हल्के रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना होगा। प्रवेश प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिस कर्मियों और पुरूष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरूष पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाएगी।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं एवं किसी भी प्रकार की नकल सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल नीले या काले बॉल पेन की अनुमति होगी।

## बार-बार बिजली बंद होने की आ रही समस्या

# मेंटेनेंस के नाम पर फूंक दिए करोड़ों रुपए, फिर भी हर दिन ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में भीषण गर्मी के इस दौर में आम जनता बिजली की आंख-मिचौली से बुरी तरह त्रस्त है। विद्युत विभाग द्वारा हर वर्ष प्री-मानसून मेंटेनेंस और बुनियादी ढांचे को सुधारने के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट कागजों पर फूंक दिया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में हर दिन घंटों का अघोषित ब्लैकआउट हो रहा है।

लगभग एक माह से शहर की जनता बदहाल बिजली व्यवस्था से त्रस्त हो गई है। नौतपा की भीषण गर्मी के बीच लगातार विद्युत उपकरणों में खराबी आने के चलते शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बार-बार घंटों बिजली बंद होने की समस्या आ रही है। वहीं हल्की आंधी और बारिश में विद्युत वायर आपस में टकराने से आग लगने की घटना भी हो रही है। जबकि मेंटेनेंस किए जाने से विद्युत तारों का रखरखाव पर काम किया जाता है, लेकिन इस बार हुआ मेन्टेनेंस कार्य केवल खानापूर्ति ही नजर आ रहा है। व्यवस्था सुचारू रखने में विभाग नाकाम साबित हो रहा है।

### रोज हो रही समस्या

शनिवार को जहां देर शाम से तड़के तक लोग बिजली व्यवस्था से हलकान रहे। वहीं रविवार को शहर के ग्रीन सिटी, शंकरपुर, दीनदयाल कॉलोनी, चिखली, पुराना ढाबा, नया ढाबा, केशर नगर, गंज चौक, सहदेव नगर, रामनगर, ममता नगर, खंडेलवाल कॉलोनी, नवागांव सहित एक दर्जन से अधिक क्षेत्र में लाइट बंद होने से लोग परेशान रहे।



### उमस और गर्मी से रातभर जनता परेशान

शनिवार शाम आंधी और हल्की बारिश के बीच लगभग पूरे शहर में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद बिजली आने और जाने का सिलसिला शुरू हो गया। शहर के कई इलाकों में रात 2 बजे के करीब बिजली बहाल हुई। वहीं पटरीपार के कुछ क्षेत्र में रातभर बिजली आने-जाने का सिलसिला चलता रहा।

### मेन्टेनेंस के नाम पर खानापूर्ति

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा मेन्टेनेंस के लिए ऊपरी तौर पर ही वृक्ष के टहनियों की कटाई की गई। जबकि शहर के कई विद्युत पोल और तारों में अब भी झाड़ियां लपटी हुई है। भीषण गर्मी के बीच किए गए मेन्टेनेंस को 5 घंटे तक शहर की जनता ने बर्दाश्त किया था, ताकि बारिश के मौसम में विद्युत व्यवस्था सुचारू हो सके। जनता के सहयोग के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा व्यवस्था दुरूस्त नहीं की जा सकी है। बारिश के शुरूआती दिनों से पहले ही समस्याएं खड़ी हो रही है।

### राजनीतिक पार्टियां भी कर रही विरोध

अघोषित बिजली कटौती और बदहाल व्यवस्था को लेकर विपक्ष की राजनीतिक पार्टियों द्वारा विद्युत मंडल का घेराव किया गया। कांग्रेस और जनता कांग्रेस के लोगों ने अघोषित बिजली कटौती को लेकर विद्युत कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। वहीं सत्तापक्ष से जुड़े नेता भी बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकल रहे हैं। लंबे समय बाद शहर में इतनी खराब बिजली व्यवस्था बनी हुई है। जिसमें पूरे शहर में ब्लैकआउट हो रहा है।

### निम्न स्तर के उपकरणों की सप्लाई पर सवाल

मेन्टेनेंस के बाद भी बार-बार बिजली के बंद और उपकरणों के खराब होने को लेकर घटिया क्वालिटी के मटेरियल सप्लाई का मामला भी सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग में सप्लाई होने वाले उपकरणों की क्वालिटी निम्न स्तर की होने के चलते बार-बार इस तरह की समस्या आ रही है। इस मामले में जल्द ही राजनीतिक पार्टियों द्वारा आंदोलन किए जाने की तैयारी भी की जा रही है।

## अवैध रूप से शराब बिक्री कोचिया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 43 पौवा शराब बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना मिली थी, जिस पर थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में 31 मई को पुलिस टीम गठित कर आरोपी दीपचंद साहू द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते व कब्जे में रखे 31 पौवा देशी प्लेन शोले एवं महाराष्ट्र निर्मित 12 पौवा देशी दारू संत्री कुल 43 पौवा कीमती 3440 रुपए, बिक्री रकम 150 रुपए एवं 1 नग स्कूटी वाहन को घटनास्थल आदिवासी समाज भवन रेवाडीह के पास से जब्त किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी दीपचंद साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# तूफान से गार्डन के वृक्षों में लगी आग, सकते में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मां शीतला मंदिर परिसर के समीप स्थित नेहरू उद्यान में शनिवार रात लगभग 8.30 बजे के करीब हवा-तूफान के बीच पाम के वृक्षों में भीषण आगजनी हो गई। एक के बाद एक कई वृक्ष इसकी चपेट में आ गए। तेज हवाओं के बीच आग की लपटे बढ़ती चली गई। जिससे आसपास क्षेत्र में आगजनी को लेकर घंटों दहशत का माहौल बना रहा।

मां शीतला मंदिर परिसर के सामने स्थित गार्डन में अचानक पाम के ऊंचे वृक्ष में आग जलती हुई दिखाई दी। कुछ ही मिनट में तेज हवा के चलते आसपास के अन्य वृक्षों में भी आग लग गई। तेज हवाओं की वजह से आग की लपटे



धूं-धूं कर फैलने लगी और चिंगारी दूर तक हवा में उड़ती हुई दिखाई दी। जिससे आसपास के निवासी दहशत में आ गए।

### भयावह स्थिति

गार्डन में लगी आग तूफान की वजह से काफी भयावह दिखाई दे रही थी। आग इतनी भीषण थी कि दूर से इसका नजारा दिख रहा था। मौके पर पहुंचे दमकल गर्मियों द्वारा मशक्कत से वृक्षों में लगी आग को बुझाया गया।

### तूफान की वजह से वृक्ष तक पहुंची चिंगारी

फौव्वारा के सूखे टांके में पत्तियों का कचरा पड़ा हुआ था। जिसमें आग लगी और यहां से तूफान के बीच चिंगारी उड़कर पेड़ तक पहुंच गई। तेज हवा का वृक्ष में सूखे पत्ते होने के चलते आग तेजी से पूरे वृक्ष में फैल गई।

# राजनांदगांव पैंथर्स क्रिकेट टीम की जर्सी की लांचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में कल एबीस ग्रीन होटल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) संस्करण 3 में हिस्सा ले रही राजनांदगांव पैंथर्स टीम की जर्सी एवं टीम लॉन्चिंग का भव्य समारोह संपन्न हुआ। सीसीपीएल के संस्करण 3 का आयोजन रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 जून से प्रारंभ होने जा रहा है। 14 जून को प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा। पिछले वर्ष संस्करण 2 में राजनांदगांव पैंथर्स की टीम संयुक्त विजेता रही है। समारोह में बड़ी संख्या में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य, खेलप्रेमी, शहर के गणमान्य नागरिक एवं जूनियर क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे।

समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख, जिलाधीश जितेंद्र यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, समाजसेवी राजेंद्र गोलछा, सीसीपीएल के चेयरमैन भास्कर शास्त्री, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, महामंत्री अरुण डुलानी, सीएससीएस के सीनियर चयनकर्ता तस्लीम आरिफ, सह-सचिव अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गुरुचरण मखीजा, राजकुमार बाफना, महेश खंडेलवाल, प्रमोद करमरकर, सुभाष हुंका, विश्व हिंदू परिषद एवं युगांतर स्कूल के पदाधिकारीगण, एडवोकेट योगेश दुरक्कड़, अग्रवाल समाज सहित कुछ अन्य समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह में सर्वप्रथम सीसीपीएल के ब्रांड एंबेसडर वीरू को प्रस्तुत किया गया।




### कलेक्टर ने दिए सुझाव

समारोह में जूनियर क्रिकेट खिलाड़ियों को जिलाधीश ने सफलता के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। समारोह को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, राजेश चौहान, सीसीपीएल के चेयरमैन भास्कर शास्त्री ने भी अपने संबोधन में राजनांदगांव पैंथर्स टीम को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं देते उनका उचित मार्गदर्शन भी किया।

### पूर्व क्रिकेटर का सम्मान

समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने विशिष्ट अतिथि राजेश चौहान को उनके कामयाब कैरियर हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। वहीं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोच एवं राजनांदगांव पैंथर्स टीम के सह-कोच शहर के हिमांशु यादव को बीसीसीआई द्वारा आयोजित कोचिंग हेतु परीक्षा लेवल ओ वर्ग में सफल होने पर सम्मानित भी किया। समारोह का संचालन श्रद्धा बाफना एवं विशाल शर्मा ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन दुर्गेश शुक्ला ने किया।

### टीम में अजय मंडल

राजनांदगांव पैंथर्स टीम के कप्तान अजय मंडल सहित अन्य खिलाड़ियों ने समारोह में अपनी प्रस्तुति के बाद शहर के खेलप्रेमियों से भेंट की। ट्रॉफी अनावरण के पश्चात टी-शर्ट लॉन्च की गई। समारोह में अतिथियों का जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। समारोह में जिलाधीश जितेंद्र यादव ने राजनांदगांव पैंथर्स टीम को शुभकामना देते उन्हें अपने अच्छे प्रदर्शन हेतु उचित मार्गदर्शन दिया।

## निगम आयुक्त रहे डॉ. आशुतोष का पहला उपन्यास


# 'यक्षिणी' में जीवंत हुआ मैकल का रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रशासनिक दायित्वों के बीच साहित्य साधना का एक अनूठा उदाहरण सामने आया है। कोरिया जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में पदस्थ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने पहले उपन्यास 'यक्षिणी : मैकल की अनुगूँज' के माध्यम से मैकल अंचल के रहस्य, लोककथाओं और सांस्कृतिक विरासत को शब्दों में सजीव कर दिया है।

डीएसपी, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम तथा राजनांदगांव नगर निगम आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके डॉ. चतुर्वेदी ने लगभग पांच वर्षों की सतत साधना के बाद इस उपन्यास की रचना की है। प्रशासनिक व्यस्तताओं के बीच लिखी गई यह कृति उनके साहित्य प्रेम और सृजनशीलता का प्रमाण मानी जा रही है।साहित्यिक परिवेश से जुड़े डॉ. चतुर्वेदी का हिंदी और संस्कृत भाषा पर गहरा अधिकार है।

### मैकल के अरण्य की कथा






चार खंडों बीज, अंकुरण, अनुगूँज और अंतर्ध्वनि में विभाजित यह उपन्यास पाठकों को मैकल के अरण्य की गहराइयों तक ले जाता है। रतनपुर की ऐतिहासिक धरोहर, अमरकंटक के तपस्थल, चांगभखार की प्राकृतिक छंटा और रामगढ़ की रहस्यमयी पहाड़ियों जैसे अनेक स्थलों को लेखक ने कथानक में अत्यंत प्रामाणिकता के साथ पिरोया है।

### साहित्यकारों ने कृति को सराहा

साहित्य प्रेमियों का मानना है कि पहली ही कृति में डॉ. चतुर्वेदी ने जिस परिपक्व भाषा, प्रभावी कथानक और सशक्त वर्णन शैली का परिचय दिया है, वह किसी अनुभवी उपन्यासकार की लेखनी का आभास कराती है। 'यक्षिणी' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि मैकल अंचल की सांस्कृतिक स्मृतियों, लोकविश्वासों और प्रकृति के रहस्यमय सौंदर्य की साहित्यिक यात्रा है।

### रहस्य और रोमांच का संगम

'यक्षिणी : मैकल की अनुगूँज' अपने भीतर मैकल पर्वतमाला के घने जंगलों, लोकविश्वासों, आध्यात्मिक रहस्यों और जनश्रुतियों को समेटे हुए हैं। उपन्यास में एक रहस्यमयी तालाब का वर्णन है, जो हर किसी को दिखाई नहीं देता। लोक कथाओं के अनुसार श्रद्धा और विस्मय के भाव से वहां पहुंचने वालों को उसकी गहराइयों में एक अलौकिक उपस्थिति का आभास होता है। पूर्णिमा की रातों में चंपा की सुगंध से महकता वह स्थान और उससे जुड़ी यक्षिणी की कथा उपन्यास को रहस्य और रोमांच से भर देती है।

गुर्दा (किडनी) रोग एवं प्रत्यारोपण
जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
5 जून 2026, शुक्रवार


RAMKRISHNA CARE HOSPITALS

स्थानः रूपजीवन हॉस्पिटल लोहारा रोड, कवर्धा
समयः सुबह 11 से 12 बजे तक

स्थानः संत कबीर क्लीनिक एंड हॉस्पिटल बिलासपुर रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, कवर्धा
समयः दोपहर 12 से 1 बजे तक

स्थानः चद्रयान हॉस्पिटल रायपुर रोड, कवर्धा
समयः दोपहर 1 से 2 बजे तक

विशेषज्ञ
डॉ. संदीप सिंघल
MBBS, MD General Medicine, DrNB Nephrology (MPUH Nadiad), Consultant Nephrologist & Kidney Transplant Physician



कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपार्ट साथ लायें।

क्या आप निम्नलिखित समस्याओं से पीड़ित है?
- चेहरे और पैरों में सूजन आना
- बार-बार पेशाब आना विशेष कर रात में
- कम उम्र में उच्च रक्तचाप होना • पेशाब कम मात्रा में आना
- पैदल चलने पर साँस फूलना, जल्दी थक जाना
- पेशाब करने में तकलीफ होना, बूंद-बूंद पेशाब उतरना
- मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग से ग्रसित मरीजों में यह समस्या होना आम बात है

रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
91790 90912

श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंट: 0771-6165656

MAHESHWARI